www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 186 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
28 सितम्बर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:57
सूर्यास्तः 05:57
अधिकतमः 29°00
न्यूनतमः 23°00



पेज 07

विशेष समाचार | आधुनिक जीवनशैली के आघात...>> पेज 04 | एटा में युवक के सिर के ... >>पेज 06 | फातिमा सना शेख ने की ...

एसआईआर से ईवीएम तक, विपक्ष पर बरसे सीएम योगी, बोले- हरकतों से बाज आएं

'अपनी गैर जिम्मेदाराना हरकतों को रोके कांग्रेस'

एसआईआर विवाद पर सीएम योगी ने विपक्ष की लगाई क्लास बोले - देश और संस्थाओं से माफी मांगे



समारोह

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर छिड़े विवाद के बीच सीएम योगी ने रविवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सपा और कांग्रेस पर जमकर भड़के। उन्होंने कहा- SIR की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस, सपा, राजद समेत विपक्षी दल हायतौबा मचा रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। योगी ने कहा-ये चुनाव आयोग, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और हर संवैधानिक संस्था को कटघरे में खड़ा करके भारत की बदनामी कर रहे हैं। इनकी लोकतंत्र को कमजोर करने की मंशा हैरान करने वाली है। अपनी गैरजिम्मेदाराना हरकतों को कंट्रोल करें।

>> (शेष पेज 06 पर)

> सीएम ने कहा- ये लोग भारत की संवैधानिक संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं। इन्होंने एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाया है। एसआईआर पहली बार नहीं हुआ है। 1952, 1957, 1961, 1965-66, 2003 में भी एसआईआर हुआ।

कांग्रेस ने सेना के पराक्रम पर सवाल खड़े किए

CM ने कहा- राहुल गांधी ने कैंब्रिज में भारत की न्यायपालिका की निष्पक्षता पर प्रश्न खड़ा किया था। 2019 में CAG ने राफेल के मुद्दे पर अपना ऑब्जर्वेशन दिया था, इस पर भी कांग्रेस ने सवाल खड़े किए थे। EVM से हुए चुनाव में केंद्र और कई राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी, उस EVM को ब्लैक बॉक्स कहकर भारत की चुनाव प्रणाली और लोकतंत्र पर सवाल खड़ा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इन लोगों को संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास नहीं है। इन्होंने अपनी भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण देश की सुरक्षा के साथ लगातार खिलवाड़ किया।

योगी को संत के रूप में बुलाया गया

अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष उद्घाटन समारोह में विश्व हिंदू परिषद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरक्ष पीठाधीश्वर के रूप में मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया था। उनके मंच पर पहुंचने पर ऑडिटोरियम जयश्रीराम के नारे लगने लगे। समारोह में विहिप के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे भी शामिल हुए। इनके अलावा, लखनऊ के मनकामेश्वर महादेव मंदिर की महंत देव्या गिरि और मंदिरों-गुरुद्वारों के प्रमुख भी बुलाए गए थे।



> सीएम योगी बोले- हमने 2017 के बाद यूपी में 7700 गोशालाएं बनवाईं। उन गोशालाओं में 16 लाख से अधिक गाय रखकर उनका संरक्षण कर रहे हैं। हर गाय के ऊपर 1500 रुपये हर महीने उपलब्ध यूपी सरकार की ओर से कर रहे हैं, जिससे गोमाता का संरक्षण हो सके।

योगी बोले-रामंदिर आंदोलन के समय लोग कफन बांधे रहते थे,निरंकुश सरकार ने गोलियां चलवाईं



लखनऊ । सीएम योगी ने लखनऊ में कहा कि राम मंदिर आंदोलन के समय लोग कफन बांधे रहते थे। मर-मिटने को तैयार थे। जब तक राम मंदिर नहीं बनता, तब तक के लिए चप्पल और साफा छोड़ दिया। इन सबके बावजूद ताकत बिखरी हुई थी। उन्हें एक नेतृत्व की जरूरत थी। वह नेतृत्व अशोक सिंघल ने दिया। शासन-सत्ता निरंकुश थी। राम मंदिर के लिए आंदोलन करने वालों पर गोलियां चलवाईं। उस निरंकुश सत्ता के सामने अशोक सिंघल की शेर की तरह डटे रहे। जो काम उस समय की सरकारें नहीं कर सकीं, उसे अशोक सिंघल किया। उन्होंने एकल विद्यालय बनवाए। उन विद्यालयों में आदिवासियों के बच्चे पढ़ते हैं। योगी राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रणेता अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।


कुछ नकलची, गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कराना चाहते हैं : योगी

सीएम योगी ने कहा- हमने अशोक सिंघलजी के सान्निध्य में गो सेवा का जो कार्य सीखा था, उसे धरातल पर उतार रहे हैं। अरे गो-संरक्षण का सवाल करना है तो उन लोगों से करो जिन्होंने अवैध बूचड़खाने चलवाए थे।

कुछ नकलची कभी-कभी ज्ञापन देने के लिए निकलते हैं। वो कहते हैं कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। अरे, पशुवत तुम्हारी सोच है, जो गाय को पशु घोषित कराना चाहते हो। गाय तो हमारी माता है।

'सिंघलजी का एक ही ध्येय था- सनातन की सुरक्षा से छेड़छाड़ नहीं करने देंगे'

योगी ने कहा- अशोक सिंघल का ध्येय एक ही था, सनातन धर्म को आंच नहीं आने देंगे, उसकी सुरक्षा से किसी को छेड़छाड़ नहीं करने देंगे। यह वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण वर्ष है। सन 1528 ने अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु राम के मंदिर को तोड़कर एक विदेशी आक्रांता ने वहां गुलामी का ढांचा बना दिया। 500 वर्षों ने कोई कालखंड ऐसा नही बीता जब हिंदू समाज चुप बैठा हो,धर्माचार्य लड़ते रहे, बलिदान देते रहे। संतों, नागाओं, सिक्ख वीरों, भारत के राजाओं, नागरिकों, नारियों ने निरंतर सिर पर कफन बांधे रखा। श्रीरामजन्मभूमि के मुक्ति के लिए टूट पड़ते थे।



मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,


आज जब मैं यह पाती लिख रहा हूं, मेरा हृदय अमर शहीद भगत सिंह के प्रति कृतज्ञता से ओत-प्रोत है। मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ***उनकी जयंती हम सबके लिए राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखते हुए अपने संकल्प को नई ऊर्जा देने का अवसर है।***

भगत सिंह ने परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़े भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। ***आज हमें भी जाति-पाति, नशा और अन्य सामाजिक बुराइयों की बेड़ियों से मुक्ति के लिए उनके अदम्य साहस और राष्ट्रनिष्ठा से सीख लेनी होगी।*** *वे अध्येता थे और हिंदी, उर्दू, पंजाबी तथा अंग्रेजी सहित कई भाषाओं के ज्ञाता थे। उनके जीवन से हमें ज्ञान को अपनी शक्ति बनाने, सीखने की ललक को जीवित रखने और अपने संकल्प को कर्म से जोड़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए।*

ज्ञान जब कौशल से जुड़ता है, तो युवा अपनी प्रतिभा को सामर्थ्य में बदलकर अपने सपनों को साकार कर सकता है। *इसी उद्देश्य से हमारी सरकार युवाओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उद्यम और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग दे रही है।* ***मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने और रोजगार सृजित करने के लिए सशक्त आधार दे रहा है।*** *स्टार्टअप नीति के माध्यम से नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मेरा विश्वास है कि जब युवा ज्ञान को कौशल, कौशल को संकल्प और संकल्प को कर्म से जोड़ेंगे, तब उनके सपनों के साथ प्रदेश की विकास यात्रा को नई गति मिलेगी।*

मेरा आपसे विशेष आग्रह है कि संवरते उत्तर प्रदेश में ज्ञान के विस्तृत साधनों का अधिकाधिक सदुपयोग करें। प्रदेश में ***भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी*** *के नाम पर प्रत्येक जनपद में आधुनिक पुस्तकालय एवं डिजिटल लाइब्रेरी विकसित की जा रही हैं, ताकि ज्ञान तक पहुंच और सहज हो।* ***आप पुस्तकों को अपना मित्र बनाइए, प्रश्न पूछिए, नए विचारों को जानिए और अपनी जिज्ञासा को निरंतर जीवित रखिए। एक पुस्तक किसी युवा के जीवन में नया विचार जगा सकती है और एक नया विचार पूरे समाज को नई दिशा दे सकता है।*** *आइए, हम सब मिलकर ज्ञानवान, संस्कारवान एवं सामर्थ्यवान उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।*

आपका
योगी आदित्यनाथ



पढ़ें, बढ़ें, बदलें

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

फास्ट न्यूज

वांगचुक ने सरकार को 2 अक्टूबर की डेडलाइन दी

नई दिल्ली । लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग पर सोनम वांगचुक ने 2 अक्टूबर तक की डेडलाइन दी है। उन्होंने को दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इस मामले में बहुत कम प्रगति हुई है।

कार्यक्रम याद

करूर भगदड़ का एक साल-रैली में 41 मौतें हुई थी

चेन्नई । TVK प्रमुख विजय ने रविवार को करूर भगदड़ के 41 मृतकों को श्रद्धांजलि दी। यह श्रद्धांजलि घटना की पहली बरसी पर दी गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने इसे राज्य के लोगों के लिए न भर पाने वाला घाव बताया।

27 सितंबर 2025 को करूर जिले में विजय की राजनीतिक रैली के दौरान भगदड़ मची थी। इसमें 41 लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे।

TVK ने करूर ओल्ड बस स्टैंड समेत कई जगहों पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए।

वसुधैव कुटुंबकम भूल जाइए, अब परिवार एक रखना बड़ी चुनौती

गुवाहाटी। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस एनवी अंजारिया ने पारिवारिक विवादों पर कहा कि कोर्ट से मिले समाधान अक्सर नकली लगते हैं। कई पक्षों को लगता है कि उन पर न्याय थोपा गया है, जो उनके लिए भ्रम जैसा होता है और अन्याय का रूप ले सकता है।

तमिलनाडु सरकार ने आरटीआई पर आदेश वापस लिया पहले भी 3 फैसलों पर यू-टर्न

कहा था- पुलिस कार्रवाई से जुड़ी हर जानकारी सार्वजनिक नहीं करेंगे

विरोध

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई । तमिलनाडु सरकार ने रविवार को पब्लिक लॉ एंड ऑर्डर विभाग को RTI से मिली छूट वापस ले ली। यह फैसला आदेश जारी होने के कुछ ही घंटों बाद लिया गया।

सरकार ने पुलिस कार्रवाई, मानवाधिकार शिकायतों और राजनीतिक प्रदर्शनों से जुड़े रिकॉर्ड्स को RTI से बाहर करने का आदेश दिया था। यानी सरकार ऐसे मामलों की जानकारी सार्वजनिक नहीं करने वाली थी। लेकिन इस पर सहयोगी दलों और पारदर्शिता के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। CPI(M) सांसद सु वेंकटेशन ने भी फैसले पर सवाल उठाए। मूल आदेश में पब्लिक (लॉ एंड ऑर्डर) विभाग को तमिलनाडु सरकार की ओर से बनाई गई इंटेलिजेंस और सिक्योरिटी संस्था बताया गया था। सरकार से जुड़े सुत्रों के मुताबिक, विवादित फैसले पहले सार्वजनिक किए जाते हैं। इसके बाद सरकार राजनीतिक और जनता की प्रतिक्रिया देखकर उन्हें जारी रखने या वापस लेने का फैसला करती है।

>> (शेष पेज 06 पर)



विजय ने 24 घंटे में ज्योतिषी को ओएसडी पद से हटाया था

आतंकियों को करारा जवाब देंगे : पीएम

सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को भारत की नीति दिखाई, मन की बात में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र

भाषण

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । पीएम मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 138वें एपिसोड में कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। आतंकवादी अगर भारत की तरफ आंख उठाकर देखेंगे, तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा।

मोदी ने कहा कि 28-29 सितंबर 2016 को हुई सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल पूरे होने वाले हैं। भारतीय सेना ने LoC पार कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी। भारतीय जवानों की इस कार्रवाई को देखकर दुनिया हैरान रह गई थी।



प्रधानमंत्री ने बालाकोट एयरस्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने बार-बार साफ संदेश दिया है कि आतंकवाद का मजबूत और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। मोदी ने बताया कि देशभर के युवा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे हैं। 'मेरा भारत' के तहत एंथम, स्लोगन राइटिंग और नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। युवा सोशल मीडिया के जरिए भी नशा मुक्त रहने का संदेश लोगों तक पहुंचा रहे हैं। 'नशा मुक्त युवा अभियान' के तहत 100 शहरों में स्वास्थ्य जांच और ध्यान शिविर जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। मोदी ने कहा कि इस अभियान में युवा खुद नशे से दूर रहने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने की जिम्मेदारी उठा रहे हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

> पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने जीवन के कई मंत्र दिए, जिनमें स्वच्छता भी शामिल है। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्वच्छता से जुड़े फोटो, वीडियो और रील्स का भी जिक्र किया और कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से पूरा समाज जुड़ रहा है।



जनगणना को बताया राष्ट्रीय दायित्व

पीएम मोदी ने कहा कि जनगणना हम सबका राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपनी और परिवार की जानकारी खुद ऑनलाइन दर्ज करने की अपील की। मोबाइल से यह प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सकती है। मोदी ने बताया कि जनगणना का पहला चरण सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग पूरा हो चुका है। 32 करोड़ से ज्यादा परिवारों का डेटा भी दर्ज किया जा चुका है।

बहस : आप बोली- भ्रष्टाचार पर सवाल किया था, प्रवेश का दावा- मेरे परिवार को गाली दी थी

दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने युवक को थप्पड़ मारा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी ने रविवार को X पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा एक लड़के को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। AAP का आरोप है कि तिलक नगर में सड़क बनाने में हुए भ्रष्टाचार को लेकर कुछ लोग उनसे सवाल कर रहे थे। इस बीच उन्होंने वहां खड़े एक युवक को थप्पड़ मार दिया। हालांकि इसके बाद उनके गार्ड और मौजूद साथियों ने युवक को दूर हटाया। पीड़ित युवक का आरोप है कि पुलिस के सामने उसे पीटा गया। जान से मारने की धमकी दी गई। उसने पुलिस को शिकायत दी है। मंत्री को लिखित में माफी मांगनी होगी। भाजपा को भी उन्हें सस्पेंड कर देना चाहिए। विवाद के बाद प्रवेश वर्मा ने वीडियो जारी करके कहा कि जरनैल रात में बनी सड़क सुबह उखाड़ रहे हैं। >> (शेष पेज 06 पर)



> आम आदमी पार्टी के विधायक जरनैल सिंह ने सड़क उखाड़ कर प्रवेश वर्मा को दिखाई और उनसे इसे बनाने में हुए भ्रष्टाचार के बारे में बताया।



यह वीडियो आम आदमी पार्टी ने अपने ऑफिशियल X हैंडल पर पोस्ट किया है।

प्रवेश वर्मा-जरनैल के बीच हुई बहस

तिलक नगर की घटना का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें प्रवेश वर्मा और विधायक जरनैल सिंह के बीच बहस होती दिख रही है। जनरैल तारकोल से बनी सड़क के टुकड़े दिखाते हुए प्रवेश से कह रहे हैं- आपने जो सड़क बनाई वो उखाड़ कर दिखा दी। इस पर प्रवेश ने कहा- गलत नहीं बोलना है, आप 15 साल में नहीं बना पाए। जवाब में जनरैल ने कहा- आप बना दो लेकिन ऐसी मत बनाओ जो 15 घंटे न चले।

> प्रवेश आगे कहते हैं, "...मैंने 45 मिनट तक उनका इंतजार किया। जब जरनैल सिंह आए, तो उन्होंने पहले ही अपने कार्यकर्ताओं को बता दिया था और उनके साथ आए थे। आते ही उन्होंने बदतमीजी शुरू कर दी। जब उनके एक कार्यकर्ता ने मेरे परिवार को गाली दी, तो ऐसी स्थिति में कोई भी गुस्से में प्रतिक्रिया देगा, और मैंने भी वही किया।"

'रिवॉल्वर दिखाकर मुझे कार से खींचने की कोशिश की'

टीएमसी विधायक कुणाल घोष पर लगातार दूसरे दिन हमला

दावा

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। TMC विधायक कुणाल घोष ने रविवार को दावा किया कि कोलकाता में दिनदहाड़े उनकी कार पर फिर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि बाइक सवार हथियारबंद लोगों ने कार को घेरा, शीशा तोड़ा और उन्हें बाहर खींचने की कोशिश की। घोष के मुताबिक, हमलावरों के पास रिवॉल्वर थे। विधायक की सुरक्षा में तैनात जवानों को भी हथियार निकालने पड़े। घटना के बाद कुणाल घोष सीधे नारकेल-डांगा पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। उनकी क्षतिग्रस्त कार भी ने के बाहर खड़ी दिखी। घोष ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी हत्या की कोशिश की जा रही है। पिछले 4 महीने के दौरान घोष पर हमले का यह चौथा मामला है। एक दिन पहले हुगली के श्रीरामपुर में ममता बनर्जी की रैली में जाते समय भीड़ ने उनकी कार पर अंडे और पत्थर फेंके थे।

>> (शेष पेज 06 पर)



दो दिनों में दो हमले अंडे फेंके, कार के शीशे तोड़े

एक्सप्रेसवे से पंप से निकाला पानी, लखनऊ में सड़क धंसी, आंधी-बारिश से 63 मौतें

तीस दिन से सरयू में लटकी 150 साल पुरानी मस्जिद बही

अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। करीब 70 घंटे तक हुई बारिश से शहर से लेकर गांव तक पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। बाराबंकी में 30 दिन से सरयू नदी में लटकी 150 साल पुरानी मस्जिद बह गई। उन्नाव में गंगा एक्सप्रेसवे पर सोनिक टोल प्लाजा के पास 2-3 फीट जलभराव हो गया। पंप की मदद से पानी को एक्सप्रेसवे से बाहर निकाला गया।

लखनऊ में लखनऊ में इकाना स्टेडियम के पास सड़क धंस गई। चौराहों पर पानी भर गया। बख्शी का तालाब इलाके में खेत जलमग्न हो गए। फसलें गिरकर डूब गईं। आंधी-बारिश से प्रदेश में 2 दिन में 63 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल बारिश थमी है, लेकिन आसमान में काले बादल छाए हैं।



फर्रुखाबाद में चार किशोर गड्ढे में भरे पानी में नहा रहे थे। इस दौरान दो किशोर डूब गए। इनमें से एक की मौत हो गई है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया है। मामला कायमगंज कोतवाली क्षेत्र का है।

इससे पहले, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और बरेली समेत लगभग पूरे प्रदेश में जोरदार बारिश हुई। 30-40 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं। गांव, गली और मोहल्लों में पानी भर गया। सड़कें तालाब बन गईं। हजारों पेड़ और पोल उखड़कर गिर गए। कानपुर-इटावा हाईवे 200 मीटर धंस गया। कुशीनगर में गंडक बैराज के 36 फाटक खोल दिए गए हैं। AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी को श्रावस्ती दौरा रद्द करना पड़ा। बरेली और गोरखपुर में गलियों में बाइक और कारें डूब गईं। हरादोई में कोतवाली में पानी भर गया। बरसाती पानी SHO के कमरे में घुस गया। योगी ने लोगों से अपनों का ख्याल रखने की अपील की है।

बाराबंकी में सरयू-घाघरा की कटान में मस्जिद समाई

बाराबंकी के सरयू-घाघरा नदी ने हेतमापुर में एक बार फिर रौद्र रूप दिखाया है। लगातार हो रही बारिश के बीच नदी की कटान अचानक तेज हो गई है। कई दिनों से नदी के मुहाने पर खड़ी मस्जिद आखिरकार शनिवार को तेज धारा की चपेट में आकर नदी में समा गई। इसके बाद अब कटान बाबा नारायण दास मंदिर और पशु चिकित्सालय के बेहद करीब पहुंच गई है। पशु चिकित्सालय की बाउंड्री का हिस्सा पहले ही नदी में बह चुका है। खतरे को देखते हुए जरूरी सामान बाहर निकालने का काम शुरू कर दिया गया है।



यूपी में 2 दिन में 711 मकान क्षतिग्रस्त हुए, राहत आयुक्त ने डीएम के साथ बैठक की

उत्तर प्रदेश में पिछले 48 घंटों से जारी भारी बारिश को देखते हुए राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने रविवार को सभी प्रभावित जिलों के अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि राहत कार्यों में बिल्कुल ढिलाई न बरती जाए।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

अंतरराष्ट्रीय समझौते, क्रेता-विक्रेता बैठकें तथा निर्यात के नए अवसर

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र द्वारा प्रदेश की कृषि एवं बागवानी उपज के मूल्य संवर्धन, विपणन तथा निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों को ग्लोबल पहचान मिल रही है।युवाओं और उद्यमियों के लिये इन्टरनेशनल ट्रेड शो वरदान साबित हो रहा है ।इन्टरनेशनल ट्रेड शो में खाद्य प्रसंस्करण विभाग के माध्यम से लगाये स्टालो पर उद्यमियों की भारी भीड़ देखनें को मिल रही है।

खाद्य प्रसंस्करण विभाग के स्टालो पर उत्तर प्रदेश को उद्यम व उत्तम प्रदेश बनाने की दिखी झलक दिख रही है।यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय बाजारों से प्रदेश के उद्यमी जुड़ रहे है। प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों को देश-विदेश के क्रेताओं एवं व्यापारिक संस्थानों से जोड़ने के लिए व्यवसाय-से-व्यवसाय (बी2बी) बैठकें, क्रेता-विक्रेता संवाद तथा व्यापारिक समझौते किए जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश मंडप में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) तथा उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 (यूपीएफपीपी-2023) के अंतर्गत लाभान्वित उद्यमियों के लगभग 50 स्टॉल स्थापित किए गए हैं।इन स्टॉलों पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के उद्यमियों, कृषक उत्पादक संगठनों एवं कृषक उत्पादक कंपनियों द्वारा श्रीअन्न आधारित उत्पाद, आम का गूदा, शहद, गुड़ एवं गुड़ से निर्मित उत्पाद, बेकरी उत्पाद तथा अन्य मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

फास्ट न्यूज

काशी विद्यापीठ में नशा विरोधी अभियान

वाराणसी। वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग द्वारा भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 27 सितंबर को जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।

एक रोटी कम खाइए, बच्चों को जरूर पढ़ाइए

वाराणसी । वाराणसी में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने नाविक, मछुआरा और निषाद समाज से सीधा संवाद किया। रिवर-डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने नाविक समाज की समस्याएं सुनीं। विकास, रोजगार, लाइसेंस व तकनीकी दिक्कतों को लेकर समाधान का भरोसा दिलाया। तेज धूप और गर्मी के बावजूद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नाविक और समाज के लोग मौजूद रहे।

मंत्री ने कहा कि नाविक समाज के लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं। लाइसेंस से जुड़ी दिक्कतों के साथ ही तकनीकी स्तर पर आ रही परेशानियों की भी जानकारी दी गई।

बाराबंकी में युवती का पीछा कर हत्या की धमकी

विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी

तलाश

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी । बाराबंकी में एक युवती ने युवक पर पीछा करने, छेड़छाड़ और जबरन संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। विरोध पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद युवती ने बाराबंकी कोतवाली में FIR दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि आरोपी लगातार उसका पीछा कर रहा था। इससे वह इतनी डर गई कि अब नौकरी छोड़ने की नौबत आ गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। लखनऊ की युवती कलेक्ट्रेट स्थित महिला शक्ति केंद्र में काम करती है। 24 सितंबर को ड्यूटी के बाद



ऑटो से घर जाते समय हरदोई के अंकित उर्फ प्रशांत ने उसका पीछा किया। आरोपी ने रास्ते में उसे रोककर जबरन संबंध बनाने का दबाव डाला। विरोध करने पर उसे गंभीर नतीजे भुगतने और हत्या करने की धमकी दी गई। अगले दिन आरोपी उसके दफ्तर तक भी पहुंच गया। पीड़िता मानसिक रूप से परेशान और डरी हुई है। उसे अपनी सुरक्षा को लेकर डर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

गोरखपुर में जलभराव का जायजा लेने नगर आयुक्त के साथ पहुंचे थे, व्यापारियों ने घेरा

'मेयर साहब कार से नीचे पानी में उतरिए ये स्पेन है'

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर में शनिवार को जलभराव का निरीक्षण करने पहुंचे नगर आयुक्त अजय जैन और मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव को व्यापारियों ने घेर लिया। कहा- मेयर साहब, ये स्पेन है। आप गाड़ी से नीचे पानी में उतरिए, तभी समस्या समझ में आएगी। पूरा नाला जाम है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं।

उन्होंने कहा- जब आप चुनाव लड़ रहे थे, तब इसी पानी में उतरकर वोट मांगने आए थे। 3 साल बीत गए, लेकिन बारिश होते ही पानी भर जाता है। समस्या का हल नहीं हो सका। मेयर ने कार में बैठे-बैठे व्यापारियों की बातें सुनीं और कहा- आपकी समस्या का समाधान होगा।



इसके बाद वह लौट गए। इसका वीडियो भी सामने आया है।

शनिवार को गोरखपुर में जोरदार बारिश हुई। सड़कों पर पानी भर गया। इसके बाद देर शाम मेयर और नगर आयुक्त एक ही गाड़ी में बैठकर जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण करने पहुंचे। जैसे ही वे साहबगंज किराना मंडी पहुंचे, वहां पानी भरने से नाराज व्यापारियों ने उनकी गाड़ी रोक ली। नारेबाजी करने लगे। 2:13 मिनट के वीडियो में दिख रहा है कि व्यापारियों ने उनकी कार को चारों तरफ से घेरकर रोक रखा है। व्यापारी कह रहे हैं- अधिकारी सालों-साल रहते हैं, लेकिन आज तक कोई समस्या पूछने नहीं आया। चुनाव के बाद मेयर पहली बार यहां नजर आए हैं। काम सिर्फ कागजों में हो रहा है। बारिश के कारण साहबगंज किराना मंडी में पानी भरने से व्यापारियों का लाखों रुपए का सामान खराब हो जाता है। नुकसान की भरपाई भी अपनी जेब से करनी पड़ती है।



■ किराना कमेटी के पूर्व अध्यक्ष उमेश मद्धेशिया ने नगर आयुक्त से कहा- अधिकारी बदलते रहते हैं, लेकिन हमारी समस्या का आज तक समाधान नहीं हुआ।

मेयर बोले- पंप लगाकर पानी निकलवाया गया

मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा- नगर आयुक्त को व्यापारियों से बातचीत कर समस्या का हल निकालने के लिए कहा गया है। इस बारे में सीएम योगी को जानकारी दी जाएगी। जहां तक संभव हुआ, पंप चलवाकर पानी निकलवाया गया। इसमें लोगों की भागीदारी भी जरूरी है।

किराना कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक उमेश चंद मद्धेशिया ने कहा- जलभराव को लेकर व्यापारियों में काफी नाराजगी थी। जैसे ही मेयर की गाड़ी मंडी में पहुंची, तो गुस्सा और बढ़ गया। व्यापारी अपना नुकसान दिखाने के लिए अधिकारियों से पानी में उतरने को कह रहे थे, लेकिन वे गाड़ी में ही बैठे रहे। पूरे साहबगंज मंडी में जलभराव के कारण 10 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

वाराणसी में सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज का बड़ा बयान, हम चाहते है की देश में हो रामराज्य


'योगी जी में पीएम बनने की दक्षता'

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा की कोई भी व्यक्ति अपने कर्मो, कार्यों और दक्षता से आगे आता है। योगी जी ने बहुत दक्षता दिखाई है। सबसे बड़े राज्य को उन्होंने ट्रीट किया है। यहां के वो शासक हैं और संभावनाएं हैं की वो पीएम बन सकते हैं। हम चाहते हैं की देश में रामराज्य हो।

राम मंदिर चंदा चोरी पर उन्होंने कहा की सतयुग से चोरी होती चली आ रही है। ऐसे में त्रेता युग में माता सीता का अपहरण हुआ था। यह सदा से चलता आया है। अच्छा यह है कि इस सरकार में तत्काल एक्शन हो रहा है। वहीं चुनाव आयुक्त के मामले में उन्होंने कहा - लोकतंत्र में एक पक्ष होता है एक विपक्ष होता है। इलेक्शन कमीशन का काम होता है इलेक्शन करवाना। उनके मन में शंका या संदेह है तो आप के पास उपाय है। की आप अपने पक्ष को रख सकें। तो आरोप और प्रत्यारोप चलते रहते हैं। भारत आगे बढ़ रहा है और जब कोई राष्ट्र आगे बढ़ता है तो कुछ न कुछ कहीं न कहीं कमियां रहती हैं। उन कमियों को दूर करने का काम भी मनुष्य का काम है।

ऋतेश्वर महाराज ने कहा - काशी ज्ञान की भूमि है और देश में जब-जब देश में अज्ञानता के कारण विषम परिस्थितियां रहीं हैं तो काशी ही उसका मार्गदर्शक रहा है। काशी की इस भूमि से ज्ञान की परंपरा का ऐसा प्रवाह होगा। जिससे भारत में पुनः सनातन की एकता का उद्भव होगा। सनातन एकता बहुत आवश्यक और बहुत जरूरी है। अभी हम सिर्फ सनातन, सनातन, सनातन शब्द बोलते हैं।



■ वाराणसी पहुंचे सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने कहा सीएम योगी में पीएम बनने की दक्षता।

प्रधानमंत्री बनने की योगी की संभावनाएं

वाराणसी पहुंचे ऋतेश्वर महाराज ने सीएम योगी के प्रधानमंत्री की संभावनाओं पर कहा - इस लोकतान्त्रिक देश में जब मोदी जी प्रधानमन्त्री बने थे। तो यह सब जनता है कि वो कभी चाय बेचा करते थे। तब कोई पूछा था कि चाय वाले को आप प्रधानमंत्री बनायंगे। कोई भी व्यक्ति अपने कर्मो, कार्यों और दक्षता से आगे आता है। योगी जी ने बहुत दक्षता दिखाई है। सबसे बड़े राज्य को उन्होंने ट्रीट किया है। यहां के वो शासक हैं और संभावनाएं हैं। हम तो चाहते हैं कि साधु, संत सनातन संस्कार का व्यक्ति सबसे ऊपर बैठे। और यहां रामराज्य हो और लॉ एन्ड ऑर्डर बना रहे।

चोरी तो सतयुग से होती चली आ रही

राम मंदिर चोरी मामले में पर उन्होंने कहा - सतयुग से चोरी हो रही है। उस समय पृथ्वी चोरी हो गयी थी। त्रेता युग में भगवान् की अर्धांगनी माता सीता का अपहरण हो गया था। तो ऐसा नहीं है। यह सदा से चलता आया है। देखिये वहां क्या हुआ। जो शासन जो सत्ता किसी भी अपराध पर तत्काल एक्शन लेती हो तो उसे रामराज्य मानते हैं। इस सरकार में तत्काल एक्शन हो रहा है। घटनाए नहीं होगी ऐसा नहीं हो सकता। लेकिन जितना त्वरित आप एक्शन लेंगे तो कहा जाएगा की हम सुशासन और रामराज्य में जी रहे हैं। योगी जी की सरकार देश और विदेश में लॉ एंड ऑर्डर से सीख रहे हैं। इनका मॉडल अच्छा है और उनके अंदर कुशल प्रशासनिक क्षमता भी है। हमारे राज्य की बहु बेटी भी अब रात में निकल सकती है। योगी जी ने अपराध कम किया है।

बारिश के बीच पेड़ गिरने से महिला की मौत

खेत से लौटते समय हादसे का शिकार





तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में चार दिनों से हो रही तेज बारिश के बीच हादसों का सिलसिला जारी है। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे एक पेड़ 55 वर्षीय चौरासा पत्नी रामबरन पर गिर गया। पेड़ के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चौरासा अलियाबाद के खर्चा मोहल्ला की रहने वाली थीं। वह शनिवार सुबह खेत से लौटते समय अलियाबाद-पटरंगा मुख्य मार्ग पर हादसे का शिकार हुईं। महिला के घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी। रविवार सुबह परिजनों ने चौरासा को पेड़ के नीचे दबा देखा। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने पेड़ की टहनियों को काटकर शव बाहर निकाला। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिले में बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। 200 से ज्यादा पेड़ गिरे, 200 बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हुए, जिससे 1200 गांवों की बिजली सप्लाई पर असर पड़ा। बारिश से हुए हादसों में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।

वाराणसी में बोरियां निकालने के बाद भी शहर जलमग्न

वाराणसी। वाराणसी में बारिश के बाद एक बार फिर शहर जलमग्न दिखाई दिया। कई स्थानों पर बोरियां और ईंट-पत्थर मिलने का नगर निगम ने दावा किया था। और हर जगह की सफाई के बाद वाटर लॉगिंग को साजिश बताया था। पर शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर नगर निगम के इस दावे की पोल खोल दी।

घटना : टैंक में उतरा रहा था ■ 1 घंटे पहले मां से कहा था- मैनेजर परेशान कर रहा

इंजीनियर का केमिकल प्लांट में मिला अर्धनग्न शव

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में शनिवार रात केमिकल प्लांट के टैंक में 25 साल के इंजीनियर का शव मिला। शव अर्धनग्न हालत में पानी के टैंक में उतरा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही कंपनी में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। मामला दर्शन नगर चौकी क्षेत्र का है।

इंजीनियर के परिजनों ने कंपनी के कुछ लोगों पर हत्या का शक जताया है। मां ने कहा कि घटना के एक घंटे पहले बेटे आशीष का फोन आया था। उसने बताया था कि मैनेजर परेशान कर रहा है। मैनेजर ने उसके सिस्टम से रिजाइन लेटर भी डाल दिया था। घरवालों के मुताबिक, आशीष के शरीर पर चोट के गहरे निशान थे। हालांकि, पुलिस ने अभी हत्या की पुष्टि नहीं की है। मामला रात करीब 1 बजे दर्शन नगर चौकी क्षेत्र के यश पेपर मिल का है। आशीष शिवहरे (25) अयोध्या में अकेले रहते थे। वह यश पेपर मिल में केमिकल इंजीनियर थे। वह मूल रूप से बांदा के बिसंडा थाना क्षेत्र के लोक गांव के रहने वाले थे। उनके पिता आनंद शिवहरे बताशे बनाकर बेचते हैं। उनका पूरा परिवार बांदा में ही रहता है।



मां बोलीं- रात में बेटे ने फोन कर परेशानी बताई थी

आशीष की मां कंका शिवहरे ने बताया कि शनिवार रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच बेटे का फोन आया था। उसने कहा था कि मम्मी, मेरे मैनेजर से बात कर लीजिए। वह मुझे बहुत परेशान कर रहा है।

घटनास्थल पर नहीं लगे थे सीसीटीवी कैमरे

आशीष के चाचा सुनील शिवहरे ने बताया कि उनका शव ट्रीटमेंट प्लांट के टैंक में नग्न अवस्था में मिला। वह मुंह के बल पड़ा था। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। इन निशानों से कई सवाल उठ रहे हैं। आशीष के चाचा राकेश शिवहरे ने बताया कि इतनी बड़ी फैक्ट्री में सिर्फ घटनास्थल पर CCTV कैमरे नहीं लगे हैं। वहां पहले लगे कैमरे भी हटा दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी में अभिषेक सिंह नाम का एक व्यक्ति आशीष से 3 लाख रुपए ले चुका था। इसके बाद भी वह उससे लगातार पैसे मांग रहा था और परेशान कर रहा था। आशीष ने कई बार मैनेजर की ओर से परेशान किए जाने की बात परिवार को बताई थी।



आशीष चार भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। उनके दो छोटे भाई अभिषेक और जतिन हैं। उनकी दो बड़ी बहनें गायत्री और ज्योति हैं। दोनों की शादी बेंगलुरु में हुई है। सबसे छोटी बहन प्रतिभा है। आशीष परिवार में अकेले कमाने वाले थे।

आशीष ने कानपुर से इंटर की पढ़ाई की थी। इसके बाद पंजाब से केमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की।

'चिकित्सकों की छवि जीवनदाता की बनी रहे इसलिए कार्रवाई'

वाराणसी पहुंचे बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे और बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार रविवार को वाराणसी पहुंचे । इस दौरान उन्होंने बिहार के स्वास्थ्य विभाग के हो रही छापेमारी और कार्रवाई पर कहा कि चिकित्सक जीवनदाता होते हैं और उनकी छवि जीवनदाता की बनी रहे ।इसलिए यह कार्रवाई हो रही है।

इस दौरान उन्होंने पड़ाव स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह (अवधूत भगवान कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव) में पीठाधीश्वर परमपूज्य औघड़ गुरुपद संभव राम जी से आशीर्वाद लिया। इसके पूर्व उन्होंने अघोरेश्वर महाप्रभु के विग्रह पर पुष्पांजलि की और अघोर गणेश की अपरिक्रमा की और चिर कुट देवी विहार मंदिर में निग्रह देवता के साथ भाग अति का पूजा अर्चन किया।



बिहार में हो रही चिकित्सकों और अस्पतालों पर हो रही छापेमारी पर निशांत कुमार ने कहा- डॉक्टर्स का काम जीवन देने का है। वो जीवनदाता हैं। उनकी छवि जीवनदाता की बनी रहे इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में हमने वहां काम शुरू किया है। वहीं बिहार में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर निशांत कुमार बिना कुछ कहे गाड़ी में बैठ गए।

वाराणसी आने पर उन्होंने कहा- काशी से अटूट लगाव मेरा और परिवार का। मै जब दस साल का था तब यहां आया था आज आया हूं यहां सर्वेश्वरी आश्रम में दर्शन किए हैं और कल सुबह बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लूंगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने रोजगार, पेपर लीक और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा

पीडीए सम्मेलन में 2027 का सियासी शंखनाद

कार्यक्रम

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। टांडा के चिंतौरा में आयोजित समाजवादी पार्टी के पीडीए महापंचायत एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में रविवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। कार्यक्रम में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी का दावा सामने रखा। उन्होंने कहा कि 2027 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होगा और सपा व पीडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए जनता आगे आ चुकी है। सम्मेलन टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा के नेतृत्व में हुआ। टांडा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। कार्यक्रम में पीडीए से जुड़े मुद्दों और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। आयोजकों ने सम्मेलन में जुटी भीड़ को कार्यकर्ताओं की भागीदारी और संगठन की सक्रियता बताया।





> प्रदेश अध्यक्ष ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने गाजीपुर की एक घटना का जिक्र किया। आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार से मिलने गए समाजवादी प्रतिनिधिमंडल के लोगों पर ही मुकदमे दर्ज कर दिए गए। उन्होंने कहा कि सरकार को कानून व्यवस्था और आम लोगों से जुड़े मामलों पर जवाब देना चाहिए।

सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में सक्रिय रहने और पीडीए से जुड़े मुद्दों को लोगों तक पहुंचाने को कहा गया। विधायक राममूर्ति वर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। श्यामलाल पाल ने कहा कि 2027 के चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच संवाद बढ़ाने और संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने का आह्वान किया।इस दौरान सांसद लालजी वर्मा, टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा, अकबरपुर विधायक रामअचल राजभर, आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, विशाल वर्मा, जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव व अन्य उपस्थित रहे।

श्यामलाल पाल बोले- बनेगी सपा की सरकार

रोजगार और पेपर लीक पर सरकार को घेरा

श्यामलाल पाल ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर पीडीए वर्ग के साथ छल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया था। इसके बजाय प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा समाजवादी विचारधारा के प्रमुख मुद्दों में है। कार्यकर्ताओं से अपने मताधिकार के प्रति सजग रहने को कहा।

बूथों पर सुनी गई 'मन की बात'

आतंकवाद से जनगणना तक चर्चा

अकबरपुर से कटेहरी तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 138वां एपिसोड रविवार को जिले के विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव के मार्गदर्शन और जिला उपाध्यक्ष डॉ. राना रणधीर सिंह के संयोजन में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन में उठाए गए विषयों पर चर्चा भी की।

अकबरपुर के नासिरपुर स्थित बूथ संख्या 42 पर कार्यक्रम सुनने के बाद मन की बात कार्यक्रम प्रकोष्ठ के संकुल प्रदेश सह संयोजक डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया कि संबोधन में राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद से जुड़े विषयों का उल्लेख किया गया। वहीं कटेहरी के



प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ संख्या 196 पर जिला उपाध्यक्ष डॉ. राना रणधीर सिंह ने कार्यक्रम सुना। डॉ. राना रणधीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जनगणना में नागरिकों की भागीदारी और जिम्मेदारी का उल्लेख किया गया। उन्होंने विभिन्न राज्यों में युवाओं द्वारा नदियों, समुद्र तटों, कुओं, बावड़ियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई के प्रयासों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में स्वच्छता को लेकर जनभागीदारी और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने के संदेश पर भी चर्चा हुई। जिले के अलग-अलग बूथों पर कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना।

'मन की बात' कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, विधायक धर्मराज निषाद, निवर्तमान जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा, ब्लॉक प्रशासक संजय सिंह, गौरव सिंह, आनंद वर्मा, पंकज वर्मा, बाबा रामशब्द यादव, विमलेंद्र जिला सह मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह और विनय पांडेय समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फास्ट न्यूज

रात की ट्रेनों में बढ़ेगा जीआरपी का पहरा

अंबेडकरनगर। ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अब रात के समय जीआरपी का पहरा और कड़ा होगा। राजकीय रेलवे पुलिस लखनऊ के पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा ने शनिवार को जीआरपी थाना अकबरपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं और यात्री सुरक्षा की समीक्षा के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

काउंसिलिंग से सुलझा पारिवारिक विवाद

अंबेडकरनगर। अहिरौली थाना स्थित मिशन शक्ति केंद्र पर रविवार को पारिवारिक विवाद और आपसी मतभेद से जुड़ा प्रार्थना पत्र पहुंचा। पुलिस के अनुसार काउंसिलिंग के दौरान दोनों पक्षों की बात सुनी गई। आपसी मतभेद दूर कराने के लिए दोनों के बीच मध्यस्थता कराई गई। बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी और विवाद का समाधान कराया गया। इसके बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से साथ अपने घर चले गए। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति केंद्र की टीम ने की।

व्यवसायी राजू सरदार का निधन, व्यापारी वर्ग में शोक

अंबेडकरनगर। टीवीएस एजेंसी के प्रतिष्ठित व्यवसायी कृपाल सिंह रानू के बड़े भाई राजू सरदार (50) का रविवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। उपचार के दौरान उनकी हालत बिगड़ने पर अस्पताल में उनका निधन हो गया। राजू सरदार के निधन की सूचना मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई।

बारिश-हवा के बीच खेतों में उतरा प्रशासन फसल नुकसान का सर्वे तेज

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। लगातार बारिश और तेज हवा के बीच फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए प्रशासन ने सर्वे तेज कर दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को जिले की सभी तहसीलों में अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। खेतों में फसलों की स्थिति देखी गई और संभावित नुकसान का आकलन कराया गया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण पर निकले। अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। खेतों में पहुंचकर बारिश और तेज हवा से फसलों पर पड़े असर की जानकारी ली गई।

इसके साथ ही राजस्व और संबंधित विभागों की गठित टीमें भी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं। किसानों के खेतों में पहुंचकर फसल क्षति का सर्वेक्षण किया जा रहा है।

प्रशासन की टीमें प्रभावित फसलों की स्थिति का मौके पर



- हर तहसील में अफसरों ने संभाली कमान, राजस्व और संबंधित विभागों की टीमें खेत-खेत पहुंचकर देख रहीं फसलों की स्थिति

निरीक्षण कर रही हैं। सर्वेक्षण के दौरान फसल को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से बताया गया कि फसल क्षति का सर्वे नियमानुसार कराया जा रहा है। आकलन की प्रक्रिया के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ई-केवाईसी नहीं कराई तो गैस सिलिंडर पर बढ़ेगा बोझ

एक अक्तूबर से सब्सिडी का लाभ नहीं मिलने की तैयारी

- 38 हजार उपभोक्ताओं को झटका
- हर रिफिल पर करीब 1235 रुपये अतिरिक्त चुकाने पड़ सकते हैं उपभोक्ता

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में रसोई गैस के करीब 38 हजार उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी नहीं कराना महंगा पड़ सकता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के आदेश के बाद ई-केवाईसी से वंचित उपभोक्ताओं को एक अक्तूबर से सिलिंडर की पूरी कीमत चुकानी पड़ सकती है। इससे प्रति रिफिल करीब 1235 रुपये तक अतिरिक्त भार पड़ने की बात सामने आई है।



जिले में चार लाख से अधिक घरेलू रसोई गैस कनेक्शन हैं। इनमें 38 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत भी बड़ी संख्या में परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं। ई-केवाईसी पूरी नहीं होने की स्थिति में संबंधित उपभोक्ताओं को सिलिंडर की रिफिल पर सब्सिडी का लाभ नहीं मिल सकेगा और पूरी कीमत का भुगतान करना होगा। पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से ई-केवाईसी कराने को लेकर उपभोक्ताओं को लगातार जागरूक किया जा रहा है। विभाग के अनुसार, ई-केवाईसी का नियम नया नहीं है। इसके लिए पहले से ही उपभोक्ताओं को जानकारी दी जाती रही है। गैस सिलिंडर की कीमतों में पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से समय-समय पर बदलाव किया जाता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को मौजूदा नियमों के अनुसार अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराने की सलाह दी गई है। ई-केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं की संख्या जिले में 38 हजार से अधिक है। यदि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार इन्हें सब्सिडी का लाभ नहीं मिलता है तो प्रत्येक रिफिल पर उन्हें पूरी कीमत चुकानी होगी। इससे घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।

कुर्सी और पटल के इर्द-गिर्द घूमता सिस्टम बाबुओं की पकड़ पर उठ रहे सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले की प्रशासनिक व्यवस्था में लंबे समय से एक ही पटल पर जमे कर्मचारियों और बाबुओं की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कलक्ट्रेट से लेकर तहसील, ब्लॉक और स्वास्थ्य विभाग तक कई कर्मचारियों के लंबे समय से एक ही तरह के काम से जुड़े रहने की चर्चा है। आरोप है कि पटल बदलने या स्थानांतरण के बाद भी कुछ कर्मचारी पुराने काम में दखल बनाए रखते हैं। इससे विभागीय व्यवस्था और पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, जिले के विभिन्न विभागों में ऐसे कर्मचारी भी हैं, जिनकी तैनाती किसी अन्य पटल या स्थान पर है, लेकिन उनका कामकाज दूसरे स्थान पर होने की बात सामने आ रही है। यदि ऐसा है तो इसकी जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट किए जाने की जरूरत है। इससे यह भी पता चल सकेगा कि किस कर्मचारी की आधिकारिक तैनाती कहां है और वह वास्तव में



- कलेक्ट्रेट से तहसील और ब्लॉक तक लंबे समय से जमे कर्मचारियों पर उठ रहे सवाल, कई मामलों में तैनाती एक जगह और काम दूसरी जगह किए जाने की चर्चा

किस पटल का काम देख रहा है।

कुछ विभागों में सरकारी कार्यों और फाइलों के रखरखाव में निजी या बाहरी कर्मचारियों की भूमिका होने की भी चर्चा है। सरकारी अभिलेखों और फाइलों से जुड़े काम में यदि अनधिकृत लोगों की भूमिका है तो यह गंभीर प्रशासनिक विषय है।

14 करोड़ के 40 टाइप-बी आवासों में मिली थीं निर्माण संबंधी खामियां

टांडा पुलिस आवास निर्माण में लापरवाही पर एक और कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। टांडा कोतवाली परिसर में करीब 14 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 40 टाइप-बी आवासों के निर्माण में सामने आई खामियों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। दो अवर अभियंताओं और सहायक अभियंता के निलंबन के बाद अब शासन ने प्रभारी अधिशासी अभियंता शैलेंद्र चौधरी से अंबेडकरनगर प्रखंड का अतिरिक्त कार्यभार भी वापस ले लिया है। शासन ने इसे शासकीय हित में लिया गया निर्णय बताया है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के उप सचिव फूलचंद यादव की ओर से जारी आदेश के अनुसार शैलेंद्र चौधरी को तीन जुलाई 2025 से अस्थायी व्यवस्था के तहत सिद्धार्थनगर के साथ अंबेडकरनगर प्रखंड का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा



गया था। अब यह अतिरिक्त जिम्मेदारी समाप्त कर दी गई है। नौ सितंबर को विभाग के निदेशक एवं मुख्य अभियंता आरके वर्मा ने टांडा कोतवाली परिसर में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया था। इस दौरान निर्माण कार्य में कई कमियां सामने आईं। आरसीसी में इस्तेमाल सीमेंट-कंक्रीट की कंप्रेसिव स्ट्रेंथ की निर्धारित फ्रीक्वेंसी पर जांच नहीं कराई गई थी। निर्माण में इस्तेमाल अन्य सामग्री के परीक्षण में भी लापरवाही मिली। इतना ही नहीं, अप्रैल के बाद गुणवत्ता और निर्माण प्रगति से संबंधित पंजिकाओं में प्रविष्टियां भी नहीं की गई थीं। निरीक्षण के दौरान मिली इन कमियों को निर्माण कार्य की निगरानी में गंभीर चूक के तौर पर देखा गया। मुख्य अभियंता आरके वर्मा ने बताया कि प्रभारी एक्सईएन का अंबेडकरनगर प्रखंड का अतिरिक्त कार्यभार समाप्त कर दिया गया है। आवास निर्माण में सामने आई कमियों के बाद विभागीय स्तर पर जिम्मेदारी तय करने की कार्रवाई आगे बढ़ रही है।

प्रभारी एक्सईएन का अतिरिक्त प्रभार छिना

पहले जेई और फिर एई पर हुई कार्रवाई

निरीक्षण के बाद विभाग ने टांडा के जेई मनीष पटेल और आलापुर के जेई अरुण मौर्या को निलंबित कर दिया। इसके बाद सहायक अभियंता वीरेंद्र कुमार पांडेय को भी निलंबित करते हुए विभागीय जांच शुरू की गई। प्रभारी अधिशासी अभियंता शैलेंद्र चौधरी से भी पूरे मामले में 15 दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया था। अब शासन ने अंबेडकरनगर प्रखंड का उन्हें दिया गया अतिरिक्त कार्यभार समाप्त कर दिया है।

कुश्ती के दांव पर अंशिका का दम

प्रदेशीय मुकाबले में जीता कांस्य

अंडर-14 के 46 किलो भारवर्ग में जलालपुर कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा ने हासिल किया तीसरा स्थान, देवरिया में हुई प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में अम्बेडकरनगर की अंशिका ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। देवरिया में आयोजित अंडर-14 प्रतियोगिता के 46 किलोग्राम भारवर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जलालपुर की छात्रा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में जिले से दो छात्राओं ने अलग-अलग भारवर्ग में प्रतिभाग किया। अंशिका ने 46 किलोग्राम और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भियांव की छात्रा प्रिया यादव ने 54 किलोग्राम भारवर्ग में मुकाबला किया।

46 किलो भारवर्ग में अंशिका ने मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए



तीसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ ही उन्हें कांस्य पदक मिला। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के लिए यह उपलब्धि रही।

अंशिका की सफलता पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पूनम मिश्रा ने बधाई दी। उन्होंने छात्रा के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेलों में छात्राओं की उपलब्धियां दूसरे विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में अम्बेडकरनगर से अंडर-14 वर्ग की दो छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जलालपुर की अंशिका ने 46 किलो और भियांव की प्रिया यादव ने 54 किलो भारवर्ग में जिले का प्रतिनिधित्व किया। अंशिका के कांस्य पदक के साथ जिले का नाम प्रदेशीय प्रतियोगिता के पदक तालिका में दर्ज हुआ।

स्कूल वाहनों की अब होगी सख्त निगरानी

हर विद्यालय में बनेगी परिवहन सुरक्षा समिति

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन को लेकर अब प्रत्येक विद्यालय में परिवहन सुरक्षा समिति का गठन किया जाएगा। समिति स्कूल वाहनों की फिटनेस से लेकर सुरक्षा उपकरण और चालक-परिचालक के मानकों की निगरानी करेगी। निर्धारित समय पर समिति की बैठक नहीं कराने और समिति का गठन न करने वाले विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ सिंह ने बताया कि परिवहन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष विद्यालय प्राधिकारी होंगे। समिति में तहसीलदार, संबंधित थानाध्यक्ष, खंड शिक्षा अधिकारी, डीआईओएस के प्रतिनिधि, दो अभिभावक, दो वाहन संचालक प्रतिनिधि और स्थानीय निकाय के अधिशासी अधिकारी को



सदस्य बनाया जाएगा। समिति स्कूल वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा करेगी। वाहनों में जरूरी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हैं या नहीं, चालक और परिचालक निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं या नहीं, इसकी भी निगरानी की जाएगी। सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की स्थिति भी समिति देखेगी। बीएसए डॉ. पूनम मिश्रा ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने विकासखंड का नोडल अधिकारी नामित किया है।

समस्या : 90 पोल टूटे, दर्जनभर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त 33 हजार वोल्ट की लाइनें भी टूटीं

आंधी थमी, लेकिन अंधेरा नहीं छंटा, 36 घंटे से बिजली संकट

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। तीन दिन तक कहर बरपाने वाली बारिश और तेज आंधी रविवार सुबह थम गई, लेकिन बिजली व्यवस्था अब भी बेपटरी है। आंधी में जिलेभर में करीब 90 बिजली के पोल टूट गए। दर्जनभर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं। जगह-जगह पेड़ और टहनियां बिजली लाइनों पर गिरने से तार टूट गए। इसका सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ा। शुक्रवार रात से कई इलाकों में करीब 36 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही।

टांडा बिजलीघर से जुड़े कई इलाकों में शुक्रवार रात से बिजली



आपूर्ति ठप रही। जलालपुर के कल्याणपुर उपकेंद्र से जुड़े सिकंदरपुर, कटघर मूसा, सम्मनपुर और बरियावन समेत कई क्षेत्रों में भी लोग बिजली संकट से परेशान रहे। भीटी और राजेसुल्तानपुर क्षेत्र में भी आपूर्ति प्रभावित हुई। बारिश और तेज हवा थमने के बाद बिजली विभाग ने मरम्मत कार्य तेज कर दिया है। टीमें टूटे पोल, क्षतिग्रस्त तार और ट्रांसफार्मरों को ठीक करने में जुटी हैं। अधिकारियों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कराई जा रही है।

> आलापुर पावरहाउस से जुड़े, रामनगर, आलापुर, तेंदुआईकला, न्योरी, हंसवर, मकोईया और दरगाह फीडर क्षेत्र भी आंधी से प्रभावित हुए। पेड़ गिरने से पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। शुक्रवार देर रात से प्रभावित कई गांवों में रविवार सुबह तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी।

पेड़ गिरे तो टूट गए पोल तारों ने रोक दी बिजली

अकबरपुर उपकेंद्र से शहर के साथ करीब 150 गांवों को बिजली मिलती है। शनिवार को अलग-अलग क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक पेड़ गिर गए। इससे बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर और 33 हजार वोल्ट की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पूरी रात कई क्षेत्रों में बिजली नहीं आई।

शहर के कुछ हिस्सों में शनिवार दिन में आपूर्ति बहाल कर दी गई, लेकिन ग्रामीण इलाकों में समस्या बनी रही। कई गांवों में रविवार सुबह तक बिजली नहीं पहुंच सकी।

कविता के मंच पर ठहाके भी तेवर भी सजी हिंदी की काव्य संध्या

देशभक्ति की कविताओं ने बदला माहौल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा में शनिवार शाम हिंदी पखवाड़ा 2026 की काव्य संध्या कविता के अलग-अलग रंगों से सजी। मंच पर कभी हास्य रचनाओं से ठहाके गूंजे तो कभी व्यंग्य के जरिए समसामयिक विषयों पर नजर गई। देशभक्ति की कविताओं ने कार्यक्रम को अलग स्वर दिया। सामाजिक विषयों पर आधारित रचनाओं ने श्रोताओं का ध्यान गंभीर मुद्दों की ओर खींचा।

काव्य सम्मेलन में अरुण जेमिनी, राजेश अग्रवाल, उपेंद्र पांडेय और शैलेंद्र मधुर ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। चारों कवियों ने अलग-अलग विषय और शैली में काव्य पाठ किया। इससे कार्यक्रम में लगातार विविधता बनी रही।

हास्य कविताओं पर श्रोताओं के बीच ठहाके गूंजे। व्यंग्यात्मक रचनाओं के जरिए रोजमर्रा के



सामाजिक और समसामयिक विषयों को सहज अंदाज में सामने रखा गया। इसके बाद देशभक्ति की कविताओं ने कार्यक्रम का स्वर बदला। काव्य संध्या में कविता केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रही। हास्य के बीच व्यंग्य ने सामाजिक विषयों पर ध्यान खींचा। देशभक्ति की रचनाओं ने राष्ट्रीय भाव को सामने रखा। वर्तमान विषयों पर आधारित कविताओं ने श्रोताओं को गंभीर मुद्दों से भी जोड़ा।

प्रस्तुतियों के दौरान श्रोताओं ने तालियों के साथ कवियों का उत्साह बढ़ाया। अलग-अलग विषयों की रचनाओं के कारण कार्यक्रम में शुरुआत से अंत तक कविता के विविध रंग देखने को मिले।

सम्पादकीय
अनुत्तरित प्रश्न



एक ऐसे समय जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार विपक्ष के निशाने पर हैं और वह उनसे इस्तीफा मांगने में लगा हुआ है, तब किसी को दोनों चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी से इस प्रश्न का उत्तर भी मांगना चाहिए कि आखिर उन्होंने अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए कथित मनमाने फैसलों के खिलाफ एकजुट होकर वोट क्यों नहीं किया? चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार फैसले या तो सहमति से होते हैं या फिर बहुमत से। यदि दोनों चुनाव आयुक्त चाह लें कि मुख्य चुनाव आयुक्त के किसी प्रस्ताव या सुझाव पर अमल नहीं होना चाहिए तो वे उसके खिलाफ वोट कर उसे निष्प्रभावी कर सकते हैं। आखिर उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया? क्यों न यह मान लिया जाए कि जिन फैसलों पर पहले उन्होंने असहमति जताई, उन पर बाद में सहमत हो गए, जैसा कि चुनाव आयोग की ओर से जारी स्पष्टीकरण में कहा गया है? यदि ऐसा ही हुआ तो फिर हंगामा क्यों और यदि ऐसा नहीं हुआ तो दोनों चुनाव आयुक्त सामने आकर स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं करते? दोनों चुनाव आयुक्तों को इस प्रश्न का भी उत्तर देना चाहिए कि आखिर उन्होंने अपनी शिकायती चिट्ठी कैबिनेट सचिव को क्यों भेजी? क्या उन्हें यह ज्ञात नहीं था कि वे कैबिनेट सचिव के अधीन काम नहीं करते? जब कैबिनेट सचिव चुनाव आयोग के कामकाज में कोई हस्तक्षेप कर ही नहीं सकते तो फिर उन्हें चिट्ठी लिखने का क्या औचित्य?

यदि दोनों चुनाव आयुक्तों को इस आशय की चिट्ठी किसी को लिखनी ही थी कि उनकी जानकारी के बिना काम हो रहा है अथवा कथित तौर पर असंवैधानिक फैसले लिए जा रहे हैं तो वह राष्ट्रपति को लिखनी चाहिए थी। यही नियम कहता है और इसका एक उदाहरण भी मौजूद है। एक समय मुख्य चुनाव आयुक्त एन गोपालस्वामी ने चुनाव आयुक्त नवीन चावला के कामकाज से नाखुश होकर उनके खिलाफ राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखी थी। स्पष्ट है कि दोनों चुनाव आयुक्तों की चुप्पी विपक्ष को बल प्रदान कर रही है।

चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा की रक्षा करना और उसे अपुष्ट-अनर्गल आरोपों से बचाना अकेले मुख्य चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी नहीं। यह जिम्मेदारी दोनों चुनाव आयुक्तों की भी है। जहां तक विपक्ष की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने की बात है तो इससे कुछ हासिल होने वाला नहीं है। इस धरना-प्रदर्शन का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को अविश्वसनीय बताना है। विपक्ष यह माहौल बनाने की कोशिश में है कि उसे चुनावों में वांछित सफलता इसलिए नहीं मिल रही है, क्योंकि चुनाव निष्पक्ष तरीके से नहीं होते। यह और कुछ नहीं बिना किसी ठोस प्रमाण एक संवैधानिक संस्था को बदनाम करने का अभियान है। विपक्ष यह अभियान पहले भी चला चुका है और उसे नाकामी ही मिली है।

आधुनिक जीवनशैली के आघात से हृदय की रक्षा जरूरी



> सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है- समय रहते जांच। हृदय रोग कई बार अचानक सामने आता हुआ दिखाई देता है, जबकि उसके जोखिम कारक वर्षों से शरीर में विकसित हो रहे होते हैं।

हृदय केवल शरीर का एक अंग नहीं, जीवन की धड़कन है। जब तक दिल धड़कता है, तब तक जीवन में उम्मीद, संवेदना, प्रेम और कर्म की संभावनाएं बनी रहती हैं। लेकिन विडंबना यह है कि आधुनिक सभ्यता ने जीवन को सुविधाजनक तो बनाया है, पर स्वस्थ और संतुलित बनाने में हम पीछे छूटते जा रहे हैं। हमारी तेज रफ्तार जिंदगी, तनाव, अनियमित दिनचर्या, खान-पान की बदलती आदतें, शारीरिक निष्क्रियता और निरंतर बढ़ती मानसिक बेचैनी हृदय पर ऐसा दबाव डाल रही हैं, जिसका परिणाम हृदय रोगों के बढ़ते खतरे के रूप में सामने आ रहा है। हर वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। विश्व हृदय महासंघ के अनुसार हृदय एवं रक्तवाहिका संबंधी रोग दुनिया में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हैं और प्रतिवर्ष लगभग दो करोड़ लोगों की मृत्यु इन रोगों से होती है। वर्ष 2026 के विश्व हृदय दिवस का संदेश है—"हृदय रोग कई बार सामने दिखाई नहीं देता, इसलिए उसके संकेतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैंने अपने पूर्व के आलेख 'भारतीय दिल खतरे में' और हृदय स्वास्थ्य से जुड़े अन्य लेखों में बार-बार इस चिंता को व्यक्त किया है कि भारतीय समाज में बदलती जीवनशैली हमारे दिल के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। आज यह चिंता और अधिक प्रासंगिक हो गई है। हमारे आसपास ऐसे अनेक युवा दिखाई देते हैं जो कम उम्र में ही उच्च रक्तचाप, मोटापा, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल और हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रश्न केवल यह नहीं कि हृदय रोग क्यों बढ़ रहे हैं, प्रश्न यह भी है कि हमने अपनी जीवनशैली को हृदय के विरुद्ध क्यों बना दिया है? आज सुविधा ने श्रम को कम कर दिया है। घंटों बैठकर काम करना, मोबाइल और कंप्यूटर पर लगातार सक्रिय रहना, पैदल चलने की आदत का कम होना, देर रात तक जागना और सुबह की प्राकृतिक लय से दूर होना शरीर की जैविक व्यवस्था को प्रभावित करता है। दूसरी ओर स्वाद और सुविधा के नाम पर अत्यधिक नमक, चीनी, वसा और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक निष्क्रियता, तंबाकू, मोटापा, उच्च रक्तचाप, बढ़ी हुई रक्तशर्करा और रक्त में वसा को हृदय रोग के प्रमुख जोखिम कारकों में गिनता है। लेकिन हृदय का संकट केवल भोजन और व्यायाम का संकट नहीं है। यह मन का संकट भी है। तनाव, प्रतिस्पर्धा, असंतोष, क्रोध, ईर्ष्या, चिंता और हर समय आगे निकलने की बेचैनी व्यक्ति के भीतर निरंतर मानसिक दबाव पैदा करती है। भौतिक उपलब्धियां बढ़ती जाती हैं, लेकिन मानसिक शांति घटती जाती है। हमने मकानों को बड़ा किया, लेकिन मन को छोटा कर लिया; साधन बढ़ाए, लेकिन संतोष कम कर दिया। यही आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी विडंबना है। इसलिए हृदय की चिकित्सा केवल अस्पताल में नहीं, जीवनशैली में भी खोजनी होगी। सुबह की सैर, नियमित व्यायाम, योग, प्राणायाम, ध्यान, पर्याप्त नींद, संतुलित भोजन और नशे से पूर्ण दूरी हृदय की सुरक्षा के सामान्य लेकिन अत्यंत प्रभावी उपाय हैं। भोजन में प्राकृतिक एवं पौष्टिक पदार्थों, फल-सब्जियों और साबुत अनाज को स्थान देना तथा अत्यधिक नमक, चीनी और संतृप्त वसा को सीमित करना जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार जीवनशैली में ऐसे बदलाव तथा उच्च रक्तचाप, मधुमेह और रक्त में बढ़े वसा का समय रहते उपचार हृदयाघात और स्ट्रोक के जोखिम को कम कर सकता है। रक्तचाप, रक्तशर्करा, कोलेस्ट्रॉल, वजन और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार अन्य जांचों को उम्र और जोखिम के अनुरूप नियमित रूप से कराना चाहिए। सीने में दबाव या दर्द, सांस फूलना, असामान्य पसीना, चक्कर या दर्द का हाथ, कंधे, पीठ अथवा जबड़े तक जाना जैसे संकेतों को सामान्य थकान मानकर टालना खतरनाक हो सकता है। हृदयाघात में समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है; शीघ्र चिकित्सा सहायता जीवन बचाने में निर्णायक हो सकती है।

यहां चिकित्सा विज्ञान के सामने भी एक बड़ी जिम्मेदारी है। आज जब हृदय रोग समाज के इतने बड़े हिस्से को प्रभावित कर रहे हैं, तब हमें और अधिक सुलभ, सस्ती, शीघ्र पहचान करने वाली और प्रभावी स्वास्थ्य-तकनीकों की आवश्यकता है। ऐसी जांच-पद्धतियां विकसित हों जो प्रारंभिक अवस्था में हृदय संबंधी जोखिमों की पहचान कर सकें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल स्वास्थ्य, दूरस्थ चिकित्सा, पहनने योग्य स्वास्थ्य उपकरणों और आधुनिक निदान तकनीकों का उपयोग आम नागरिक तक पहुंचना चाहिए। चिकित्सा अनुसंधान का लक्ष्य केवल जटिल हृदय रोग का उपचार करना नहीं, बल्कि रोग पैदा होने से पहले उसके खतरे को पहचानना भी होना चाहिए।


सरकारों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हृदय स्वास्थ्य को केवल अस्पतालों और विशेषज्ञ चिकित्सकों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत बनाकर रक्तचाप, मधुमेह और हृदय जोखिम की नियमित जांच को व्यापक बनाया जाना चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में शारीरिक गतिविधि एवं पौष्टिक भोजन को प्रोत्साहन मिले। शहरों में पैदल चलने और साइकिल चलाने के सुरक्षित मार्ग बढ़ें। तंबाकू नियंत्रण, स्वस्थ खाद्य विकल्पों को बढ़ावा, अत्यधिक नमक एवं अस्वास्थ्यकर वसा को कम करने के प्रयास और वायु प्रदूषण पर नियंत्रण को हृदय स्वास्थ्य की व्यापक नीति का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी जनस्वास्थ्य नीतियों, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और जोखिम कारकों के नियंत्रण को हृदय रोगों की रोकथाम का महत्वपूर्ण आधार मानता है। इसके साथ ही सरकारों को 'हार्ट हेल्थ इंडिया अभियान' जैसे व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रमों पर विचार करना चाहिए, जिसमें गांव से महानगर तक निःशुल्क या सस्ती हृदय-जांच, रक्तचाप एवं मधुमेह स्क्रीनिंग, जीवनशैली परामर्श, आपातकालीन हृदय उपचार की जानकारी और पुनर्वास सेवाओं को जोड़ा जा सके। कंपनियों और संस्थानों में भी कर्मचारियों के लिए 'हेल्दी हार्ट' कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। सामाजिक संस्थाएं, विद्यालय, धार्मिक संगठन और मीडिया मिलकर इसे जन-आंदोलन का रूप दे सकते हैं। दरअसल, हृदय की रक्षा केवल डॉक्टर की जिम्मेदारी नहीं, पूरे समाज की जिम्मेदारी है। परिवार अपने भोजन और दिनचर्या को बदल सकता है, विद्यालय बच्चों में स्वस्थ आदतें विकसित कर सकते हैं, कार्यालय शारीरिक सक्रियता के अवसर दे सकते हैं और सरकार ऐसी नीतियां बना सकती है जो स्वस्थ विकल्पों को आसान एवं सुलभ बनाएं। विश्व हृदय दिवस केवल एक दिन की औपचारिक जागरूकता का अवसर न बने। यह हमें अपने जीवन की दिशा पर पुनर्विचार करने का अवसर दे। हमें यह समझना होगा कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए किसी चमत्कार की प्रतीक्षा नहीं करनी है; छोटे-छोटे सही निर्णय ही बड़े परिणाम देते हैं।

– ललित गर्ग

जब इतनी बड़ी संख्या...

अशोक भाटिया

'सर्वसम्मति' का आवरण और संस्थागत रार



भारतीय लोकतंत्र की नींव जिस निष्पक्षता और पारदर्शिता पर टिकी है, उसकी प्रहरी संस्था 'भारत निर्वाचन आयोग' इस समय एक अभूतपूर्व आंतरिक और बाहरी संकट से गुजर रही है। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर हाल के दिनों में जो राजनीतिक और प्रशासनिक रार मचा है, उसने निर्वाचन सदन की चारदीवारी के भीतर चलने वाली निर्णय प्रक्रिया पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, आयोग ने आनन-फानन में एक पूर्ण-पीठ की बैठक बुलाकर यह स्पष्टीकरण जारी किया है कि एसआईआर से जुड़े सभी फैसले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों—सुखबीर सिंह संधू व विवेक जोशी—की सर्वसम्मति और पूर्ण सहमति से ही लिए गए थे. लेकिन संस्थागत शुचिता के नजरिए से यह सवाल उठना लाजिमी है कि यदि अंतिम नीतिगत दस्तावेजों पर सभी आयुक्तों के हस्ताक्षर थे और सब कुछ तकनीकी रूप से 'एकमत' था, तो फिर पर्दे के पीछे से लेकर सड़क तक इतनी बड़ी 'रार' किस बात की है? क्या केवल अंत में हस्ताक्षर हो जाना ही किसी लोकतांत्रिक संस्था के भीतर 'स्वस्थ विमर्श' का प्रतीक मान लिया जाए, या फिर उस सर्वसम्मति के पीछे छिपी असहमतियों के लंबे सिलसिले को नजरअंदाज करना लोकतंत्र के लिए आत्मघाती होगा? इस पूरे विवाद की जड़ें जितनी प्रशासनिक हैं, उतनी ही राजनीतिक भी हैं। मीडिया रिपोर्टों और आयोग के भीतर से छनकर आई खबरों के अनुसार, पिछले 10 महीनों के दौरान जब देशभर में मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया चलाई जा रही थी, तब दोनों चुनाव आयुक्तों ने अलग-अलग चरणों में कम से कम 14 बार अपनी लिखित आपत्तियां और चिंताएं दर्ज कराई थीं। ये आपत्तियां कोई मामूली प्रशासनिक औपचारिकताएं नहीं थीं, बल्कि इनका सीधा संबंध आम नागरिकों के मताधिकार, डेटाबेस सुरक्षा और फॉर्म-6 में किए गए दूरगामी बदलावों से था। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी बहु-सदस्यीय संस्था की परिकल्पना ही इसलिए की गई थी ताकि सामूहिक बुद्धिमत्ता और स्वतंत्र दृष्टिकोण के माध्यम से किसी भी एकतरफा फैसले को रोका जा सके। टी.एन. शेषन के दौर के बाद से आयोग की त्रिसदस्यीय संरचना ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि बहुमत या सर्वसम्मति की आड़ में बुनियादी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से समझौता न हो। ऐसे में, यदि दो आयुक्तों को बार-बार अपनी बात को लिखित नोट के रूप में दर्ज कराना पड़ा, तो यह साफ करता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और उनके सहयोगियों के बीच नीतिगत निर्णयों को लेकर एक गहरी वैचारिक खाई मौजूद थी। इस विवाद का सबसे संवेदनशील और चिंताजनक पहलू मतदाता सूची से करोड़ों नामों का कटना है। रिपोर्टों के अनुसार, देश के लगभग 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चलाई गई इस विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत मतदाता सूचियों से एक बड़ी संख्या में नाम हटाए गए हैं। विपक्ष का आरोप है कि यह संख्या 13 करोड़ के पार चली गई है, जिसे उसने राजनीतिक रूप से रवोटों की चोरीर करार दिया है। हालांकि, तकनीकी और कानूनी धरातल पर आयोग का यह तर्क पूरी तरह गलत नहीं है कि मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट या फर्जी मतदाताओं के नाम हटाना एक नियमित और आवश्यक प्रक्रिया है ताकि चुनाव की शुचिता बनी रहे। स्वयं उच्चतम न्यायालय ने भी मई 2026 में बिहार एसआईआर की कानूनी वैधता को बरकरार रखा था। लेकिन सवाल प्रक्रिया की नीयत से ज्यादा उसके क्रियान्वयन के तरीके पर है। जब इतनी बड़ी संख्या में नाम काटे जा रहे हों, तो उसकी जांच और सत्यापन की प्रक्रिया इतनी पारदर्शी होनी चाहिए कि आम नागरिक के मन में कोई संशय न रहे। दिल्ली जैसे राज्यों में लाखों मतदाताओं को भेजे गए नोटिसों के तरीके पर जब स्वयं सर्वोच्च अदालत ने संज्ञान लिया, तब जाकर आयोग को अपनी प्रक्रियाओं में ढील देनी पड़ी। विवाद को हवा देने में फॉर्म-6 के साथ जोड़े गए नए 'डिक्लेरेशन' ने भी बड़ी भूमिका निभाई। इस नए नियम के तहत नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को जटिल बनाने का आरोप लगा, जिससे आम नागरिकों और विशेषकर हाशिए के समाज के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाना एक कठिन चुनौती बन गया।

अभियान की ...

आशीष सिंह

'मिशन आरोही' ने सड़कों पर बढ़ाई प्रवर्तन की रफ्तार

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा, राजस्व वसूली और यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिन्हित संभागों में विशेष प्रवर्तन अभियान 'मिशन आरोही' संचालित किया है। चार दिनों तक चले इस मेगा प्रवर्तन अभियान में विभागीय टीमों ने सड़कों पर सक्रिय मौजूदगी दर्ज कराते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध व्यापक एवं सख्त कार्रवाई की। 'मिशन आरोही' का उद्देश्य केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं था, बल्कि प्रवर्तन कार्यवाही के माध्यम से राजस्व प्राप्ति में वृद्धि, बकाया राजस्व की वसूली, ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण, अनधिकृत यात्री वाहनों के संचालन पर रोक तथा सड़क पर विभागीय प्रवर्तन की प्रभावशीलता को लगातार बढ़ाना था। इस अभियान को सफल बनाने के लिए कानपुर, प्रयागराज, झांसी, बांदा, आगरा और लखनऊ संभाग के प्रवर्तन अधिकारियों एवं टीमों ने फील्ड में रहकर सुनियोजित रणनीति के साथ कार्य किया। टीमों ने यात्री एवं माल वाहनों की सघन जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की।

प्रदेश में चार दिनों की संचालित इस विशेष प्रवर्तन मुहिम के दौरान विभिन्न अभियोगों में कुल 3,899 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 862 वाहनों को थानों में निरुद्ध किया गया। अभियान के परिणामस्वरूप विभाग को लगभग 442.46 लाख रुपये के बकाया राजस्व/कर एवं जुर्माने की प्राप्ति हुई। अभियान के दौरान प्रवर्तन टीमों ने यह संदेश स्पष्ट किया कि सड़क पर नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ओवरलोडिंग, अनधिकृत यात्री वाहनों के संचालन और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध की गई कार्रवाई ने न केवल विभाग की प्रवर्तन क्षमता को प्रदर्शित किया, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया। 'मिशन आरोही' की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि प्रवर्तन कार्यवाही को परिणामों से जोड़ा गया, जहां एक ओर नियम तोड़ने वाले वाहनों पर सख्ती हुई, वहीं दूसरी ओर बकाया राजस्व की प्रभावी वसूली भी सुनिश्चित हुई।

अभियान की सफलता के पीछे प्रवर्तन अधिकारियों और फील्ड टीमों का समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण रहा। अधिकारियों ने लगातार सड़कों पर मौजूद रहकर कार्रवाई को गति दी और अभियान को परिणामजन्य बनाने के लिए रणनीति के अनुरूप कार्य किया। अभियान के सफल संपादन पर प्रवर्तन टीमों के प्रयासों की सराहना की गई। 'मिशन आरोही' ने यह साबित किया कि सुनियोजित रणनीति, मजबूत फील्ड उपस्थिति और निरंतर प्रवर्तन कार्रवाई के माध्यम से राजस्व वसूली के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के लक्ष्य को भी प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सकता है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आमजन की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ऐसी प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाहियों को नियमित एवं व्यापक स्वरूप देने की आवश्यकता को दृष्टिगत 'मिशन आरोही' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

कुछ स्मरणीय बातें

आदर्शों का आभूषण मात्र बनने से हमारा जीवन अच्छे जीवन के लिए कुछ आदर्श नहीं होता है । आदर्श आचरण के रूप में घटित हों तो हमारा आदर्श जीवन निश्चित है। दुनिया के सारे सुख-वैभव-ऐश्वर्य फीके हैं यदि हमारे में सादा जीवन उच्च विचार ,विनम्रता , सेवा भावना , करुणा , दया ,शांति आदि नही हैं ।हमें अपने को साधना बहुत ज़रूरी हैं जिससे हमारी अपनी असीमित इच्छाओं पर अंकुश लगे ।हमारे को बाहर से ज्यादा भितर से खतरा है हमें उन चीजों से बचकर रहना हैं ।हमारा जीवन नश्वर है । इस सत्य को हमारे द्वारा प्रायः कम ही याद रखा जाता है। यदा-कदा किसी के वियोग पर अथवा भीषण शारीरिक रुग्णता व अस्वस्थता में ही स्मृति में आता है। जो भी हो इस संदर्भ में एक बात जो किसी ने अंग्रेजी में कही है की चिन्तनीय व स्मरणीय है Build Your Life Worth ,Not The Networth ।इसके लिए हमें ईमानदारी व सत्यनिष्ठा के दो स्तंभों का सहारा कभी न छोड़ना हैं । ये हैं तो सद्भावना, सदव्यवहार परोपकार आदि की भावना हैं जों की स्वतः पनपेगी जो हमारे जीवन के मूलभूत गुणों को विकसित करती रहेगी। हम आध्यात्मिकता की नींव पर सदैव अडिग रहें। कठिनाइयाँ आएँ तो भी इसका सहारा कभी न छोड़ें। जीवन की सार्थकता तभी है कि कुछ नया करते रहना। नित नये -नये सोपान चढ़ते रहना। हमारा जीवन तभी रहेगा स्फूर्त,ऊर्जावान , प्रभावी जब हमारी मानसिक प्रवृत्ति रहेगी जिज्ञासुवृत्ति वाली । तभी हम कर सकते हैं नित नई-नई प्रगति।हम अपने मन को थोडा बड़ा और मजबूत बनाएँगे तो विवेक द्वार सदा खुला रहेगा अच्छे जीवन के लिए कुछ मननीय एवं स्मरणीय बातो के प्रवेश के लिए ।

› प्रदीप छाजेड़
› (बोरावड़)

जरा हटके

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी ...

डा0 सीमा गुप्ता

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से अमेठी की शिव दुलारी ने पायी स्वरोजगार और स्वावलंबन की राह

उत्तर प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के ध्येय से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' (सीएम-युवा) राज्य के युवाओं एवं महिलाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन रहा है। शिक्षित और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदाता के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह योजना नीतिगत और व्यावहारिक स्तर पर ठोस परिणाम दे रही है। इस अभियान के अंतर्गत आगामी 10 वर्षों में 10 लाख नवीन सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का सुविचारित लक्ष्य तय किया गया है, जिसके क्रम में प्रतिवर्ष एक लाख पात्र अभ्यर्थियों को उद्यम स्थापना हेतु वित्तीय एवं संस्थागत संबल उपलब्ध कराया जा रहा है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की नवीन सूक्ष्म परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए यह कार्यक्रम ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर नए आर्थिक अवसर सृजित कर रहा है। योजना की वित्तीय संरचना को अत्यंत व्यावहारिक और सुलभ बनाया गया है। प्रथम चरण में अधिकतम 5 लाख रुपये तक का शत-प्रतिशत ब्याजमुक्त और संपार्श्विक (कोलैट-रल) मुक्त ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। इसके साथ ही परियोजना लागत पर मार्जिन मनी सहायता भी प्रदान की जा रही है। ऋण सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार के क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई) का आवरण सुनिश्चित किया गया है, जिससे नवउद्यमियों को बिना किसी अचल संपत्ति को बंधक रखे बैंकिंग तंत्र से सुगमतापूर्वक पूंजी प्राप्त होती है। उद्यमों के सतत विकास और स्थायित्व को दृष्टिगत रखते हुए इसमें द्वि-स्तरीय सहयोग का प्रावधान है। प्रथम चरण के ऋण का समयबद्ध पुनर्भुगतान सुनिश्चित करने वाले सफल उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार एवं आधुनिकीकरण हेतु द्वितीय चरण में 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सुविधा और उस पर अनुदान का लाभ दिया जाता है। इस योजना के दायरे में 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे सभी युवा शामिल हैं, जिन्होंने न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की हो, जिसमें राज्य प्रायोजित कौशल प्रशिक्षण अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थानों से प्रमाणित युवाओं को वरीयता दी जा रही है। इस राज्यव्यापी नीति का अत्यंत सकारात्मक और व्यवस्थित क्रियान्वयन जनपद अमेठी में देखने को मिल रहा है। जनपद में जिला प्रशासन के सतत पर्यवेक्षण में उद्योग विभाग और अग्रणी बैंकों के समन्वय से आवेदन से लेकर ऋण स्वीकृति तक की संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी एवं गतिमान बनाया गया है। विकास खंड और नगरीय निकाय स्तर पर जागरूकता शिविरों के माध्यम से पात्र युवाओं को डिजिटल पोर्टल से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है।

जनपद अमेठी के मुख्यालय गौरीगंज की निवासी शिव दुलारी की सफलता इस योजना के मैदानी प्रभाव का एक सशक्त उदाहरण है। सीमित पारिवारिक आय और आर्थिक चुनौतियों के बीच कार्यकुशलता होने के बावजूद पूंजी का अभाव उनके स्वतंत्र व्यवसाय की राह में मुख्य बाधा था। वर्ष 2025 में उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन किया। प्रशासनिक स्तर पर सत्यापन और विभागीय संस्तुति के उपरांत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शिव दुलारी को 5 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण स्वीकृत किया गया। वित्तीय संसाधन उपलब्ध होते ही उन्होंने गौरीगंज में 'रेडीमेड गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट' की स्थापना की। पूंजीगत सहायता ने आधुनिक सिलाई मशीनरी और प्रारंभिक कच्चे माल की व्यवस्था को सुलभ बनाया, जिससे इकाई का परिचालन सुचारु रूप से प्रारंभ हो सका।

शुरुआत में स्थानीय मांग के अनुरूप सीमित परिधानों के निर्माण से कार्य प्रारंभ करने वाली इस इकाई ने गुणवत्ता और समयबद्ध आपूर्ति के बल पर त्वरित विस्तार किया। वर्तमान में इस विनिर्माण इकाई में आधुनिक डिजाइन और दैनिक उपयोग के विभिन्न रेडीमेड परिधान तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी खपत अमेठी के स्थानीय बाजारों के साथ-साथ समीपवर्ती ग्रामीण हाटों और खुदरा दुकानों में सफलतापूर्वक हो रही है। इस उद्यम की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि व्यक्तिगत स्वावलंबन से आगे बढ़कर सामाजिक दायित्व का निर्वहन है। शिव दुलारी की इस इकाई में वर्तमान में चार स्थानीय व्यक्तियों को नियमित और सवेतन रोजगार प्राप्त हो रहा है। इससे न केवल संबंधित कामगारों के परिवारों को नियमित आजीविका का सुरक्षा चक्र मिला है, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं में भी उद्यमशीलता के प्रति आत्मविश्वास का संचार हुआ है। अमेठी जनपद में सूक्ष्म विनिर्माण इकाइयों का यह उभार स्थानीय अर्थव्यवस्था को बहुआयामी संबल प्रदान कर रहा है। यह पहल स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) से जुड़ी मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो रही है। उत्पादन गतिविधियों के स्थानीय-करण से कच्चे माल के व्यापार, परिवहन और खुदरा बिक्री में तेजी आई है, जिससे ग्रामीण बाजार में नकदी प्रवाह सुदृढ़ हुआ है। जनपद स्तर पर इस प्रकार के सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना का एक प्रत्यक्ष परिणाम शिक्षित और हुनरमंद श्रमशक्ति के पलायन पर प्रभावी नियंत्रण के रूप में सामने आया है। जब युवाओं को अपने गृह क्षेत्र में ही सम्मानजनक कार्य और आजीविका के साधन उपलब्ध होते हैं, तो इससे न केवल स्थानीय स्तर पर मानव संसाधन का संरक्षण होता है, बल्कि कस्बाई क्षेत्रों का समग्र सामाजिक-आर्थिक संतुलन भी बेहतर होता है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान वस्तुतः युवाओं की आकांक्षाओं को उत्पादक आर्थिक शक्ति में परिवर्तित करने का एक प्रभावी तंत्र है। जनपद अमेठी में शिव दुलारी जैसी तमाम महिला उद्यमी सरकार की इस योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ चुकी हैं। यह अभियान प्रदेश के औद्योगिक और सामाजिक विकास को एक नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है।

सरकार बनी तो खिलाड़ियों को 21 लाख देंगे : अखिलेश

दावा

भाजपा ने वोट कटवाने के लिए कंपनी हायर की, सादी वर्दी में पुलिस ने वोटिंग की

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा सरकार बनने पर खिलाड़ियों और कलाकारों को 21 लाख रुपए देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि यह राशि हम सम्मान निधि के तौर पर देंगे। अखिलेश ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी की बिहार, पश्चिम बंगाल में दोबारा चुनाव कराने की मांग भी दोहराई। कहा कि सुप्रीम कोर्ट को इस पर विचार करना चाहिए। अखिलेश ने रविवार दोपहर तीन बजे लखनऊ कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्राइवेट कंपनी को हायर कर पूरे यूपी में बूथ स्तर पर समाजवादियों के वोट कटवाए। सपा प्रमुख ने प्रदेश भर के जिलों से आए करीब 18 पहलवानों को सम्मानित भी किया। उपचुनाव में किस तरह का खेल हुआ, प्राइवेट ड्रेस में पुलिस के लोगों ने वोट डाला। जो लोग मंदिर



में चोरी करते हों, चढ़ावे की चोरी करते हैं, उनसे आप क्या उम्मीद करोगे। सीएम योगी के चुनाव आयोग के पक्ष में बोलने पर अखिलेश ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री इलेक्शन कमीशन के पक्ष में बोल रहे तो इसका मतलब है कि हम इलेक्शन घोटाले में मुख्यमंत्री को शामिल मानें।

कांग्रेस और सपा के बीच जुबानी जंग को लेकर अखिलेश ने कहा कि हम भी अपने विरोधियों से सीख रहे हैं। यह लड़ाई सिर्फ दिखावा है। हम लोग भी उनकी ही स्ट्रेटेजी से सीखे हैं। हम साथ लड़ेंगे। हमारा एकमात्र ध्येय बीजेपी हटाओ है।

यूपी में जगह-जगह जलभराव को लेकर अखिलेश ने कहा कि इसकी वजह बीजेपी है। मेयर, विधायक, सांसद से लेकर सरकार तक बीजेपी की है। शहरों की हालत देख लीजिए।भाजपा सरकार ने ऐसी स्थिति कर दी है कि पूरे लखनऊ में पानी निकालने के लिए पंप लगाने पड़ेंगे। जब बीजेपी हटेगी तब पानी हटेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का यूपी दौरा रद्द होने पर अखिलेश ने कहा कि अच्छा किया, वरना जेन-जी अपने तरीके से विरोध करते। हम इलेक्शन कमीशन के लिए कफन लेकर गए थे। ज्ञानेश कुमार के मेरठ और वाराणसी के प्रस्तावित कार्यक्रम सितंबर में स्थगित किए गए थे। चुनाव आयोग ने बाद में इसे कार्यक्रमों की तारीखों में बदलाव की सामान्य प्रक्रिया बताया था।

नोएडा में बड़े पैमाने पर वोट कटवाए जा रहे

अखिलेश ने कहा- नोएडा में बड़े पैमाने पर वोट कटवाए जा रहे। भाजपा ने पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर समाजवादियों के वोट कटवाए हैं। फार्म-7 भरवाने के बहाने जमकर वोट कटवाए गए। लखनऊ में एक ही व्यक्ति के नाम से 100 से अधिक वोट कटवाए गए, जबकि नियमानुसार एक व्यक्ति पांच से अधिक वोट नहीं कटवा सकता। यहीं नंदलाल निषाद को खड़ा किया गया था। उनके सिग्नेचर से वोट कटवाए गए, जबकि वह सिग्नेचर तक करना नहीं जानते थे। 2022 में अधिकारियों ने बिना किसी नियम और कानून के वोट काटे थे। 2024 में हम लोग जागरूक थे, इसलिए यूपी में हरा ले गए।

भाजपा सरकार ऐसी है कि इसे सच्चाई दिखा दो तो जेल भेज देती है। बागपत के एक व्यक्ति को दो दिन तक थाने में गैरकानूनी ढंग से रखा गया। उस व्यक्ति को राष्ट्रपति से सम्मान मिल चुका है। गोरखपुर से इतने वीडियो आए हैं कि अब किसी पर कार्रवाई ही नहीं कर पाएंगे।



अखिलेश ने कुश्ती के पूर्व एशिया चैंपियन पहलवान रामाश्रय यादव सहित करीब 18 खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

15 अक्टूबर से मिठाई की 'यूज बाई डेट' दिखाना होगा अनिवार्य

प्रदर्शित करनी होगी उपयोग की अंतिम तिथि

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मिठाई खरीदने वाले उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और हितों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अब राज्य में 15 अक्टूबर 2026 से विक्रय के लिए प्रदर्शित एवं भंडारित मिठाइयों पर 'यूज बाई डेट' यानी उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था विशेष रूप से खुली मिठाइयों को लेकर महत्वपूर्ण है, जिनके संबंध में अब तक उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करने का कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं था।

विभाग के अनुसार, विगत कुछ समय में मिठाई निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठानों में की गई प्रवर्तन और निरीक्षण कार्यवाहियों के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि अनेक स्थानों पर उपभोक्ताओं को मिठाई के निर्माण की तारीख और उसके अवसान की तारीख के संबंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती है। ऐसे में उपभोक्ता मिठाई खरीदते समय उसकी ताजगी और उपयोग की अवधि के बारे में सही निर्णय नहीं ले पाता।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की आयुक्त डॉ रोशन जैकब द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मिठाई की उपयोग अवधि उसकी प्रकृति और प्रकार के आधार पर अलग-अलग होती है। अलग-अलग मिठाइयों की उपयोग अवधि एक दिन से लेकर 30 दिन तक हो सकती है। समय बीतने के साथ मिठाई की गुणवत्ता, स्वाद और ताजगी प्रभावित होती है। ऐसे में उपभोक्ता को मिठाई खरीदते समय उसकी उपयोग की अंतिम तिथि की जानकारी होना स्वास्थ्य हित में आवश्यक है।

फास्ट न्यूज

बारिश में व्यापार हुआ फीका

लखनऊ। लखनऊ में 72 घंटे से रुक-रुककर हो रही बारिश का सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है। शनिवार को सदर और उदयगंज के बीच में लगने वाला साप्ताहिक बाजार पूरी तरह बंद रहा। वहीं रविवार को चौक नक्खास में लगने वाला साप्ताहिक बाजार फीका रहा। आदर्श व्यापार मंडल के नक्खास के अध्यक्ष मोहम्मद शोएब ने बताया कि बारिश की वजह से व्यापारी परेशान है।

अवध विज्ञान भारती साधारण सभा आयोजित

लखनऊ। लखनऊ में रविवार को विज्ञान भारती, अवध प्रांत की तृतीय वार्षिक साधारण सभा रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के आरके मुखर्जी सभागार में हुई। सभा में अवध प्रांत के करीब 120 आजीवन सदस्यों ने सहभागिता की। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। राजीव गांधी नेशनल एविएशन यूनिवर्सिटी, अमेठी के कुलपति प्रो. बी.एन. सिंह को अध्यक्ष और लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनय सिंह को महासचिव निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और विज्ञान भारती मंत्र के साथ हुई।

चालान की एपीके फाइल खोलते ही हैक हुआ मोबाइल

लखनऊ। लखनऊ में साइबर जालसाजों ने चालान की एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद छह दिन तक उनके मोबाइल का इस्तेमाल कर खाते से दो लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित को ठगी की जानकारी तब हुई, जब मोबाइल अचानक बंद हो गया और अगले दिन चालू होने पर ट्रांजेक्शन के मैसेज मिले।

ईडी अधिकारी बन 8 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा

रिटायर्ड बैंक अफसर से 96.65 लाख ठगे, फिरौती के केस में फंसाने की धमकी दी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के इंदिरानगर के दीपक नगर निवासी सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी आदेश कुमार सिंह को साइबर ठगों ने ईडी अधिकारी बनकर आठ दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगों ने उनके आधार कार्ड से मुंबई में सिम जारी होने और उससे फिरौती मांगने की बात कहकर गिरफ्तारी की धमकी दी। इसके बाद जांच के नाम पर उनकी एफडी तुड़वा दी और 19 से 24 सितंबर के बीच अलग-अलग खातों में करीब 96.65 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। अतिरिक्त रकम मांगने पर आदेश को शक हुआ और उन्होंने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत की। आदेश ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर को दोपहर करीब एक बजे उनके पास अनजान नंबर से वॉट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को ईडी



अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनके आधार कार्ड से मुंबई में सिम कार्ड खरीदा गया है, जिसका इस्तेमाल लोगों से फिरौती मांगने में किया जा रहा है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज होने की बात कहते हुए आरोपी ने कहा कि बेगुनाही साबित करने के लिए एनओसी लेनी होगी। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी की धमकी दी। कुछ देर बाद उसी नंबर से वॉट्सऐप वीडियो कॉल आई। इसमें एक युवक पुलिस अधिकारी की वर्दी में दिखाई दिया। आरोपी ने आदेश के नाम का अरेस्ट वारंट भी वॉट्सऐप पर भेज दिया। इसके बाद पूछताछ में सहयोग करने पर छोड़ने की बात कहकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया। आदेश के मुताबिक 24 सितंबर को आरोपी उन्हें कॉल पर उलझाए रहा और अतिरिक्त रकम की मांग करने लगा। इस पर उन्हें शक हुआ।

एफडी तुड़वाकर खाते में जमा रकम भी ट्रांसफर कराई

आरोपियों ने 19 सितंबर को जांच के नाम पर आदेश से उनकी पूरी जमा पूंजी अपने बताए बैंक खातों में ट्रांसफर करने को कहा। दबाव बनाकर उनकी एफडी भी तुड़वा दी गई। इसके बाद 19 से 24 सितंबर के बीच एफडी और बैंक खातों में जमा रकम मिलाकर करीब 96.65 लाख रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए।

फैजुल्लागंज तक पहुंचा पानी, निचले इलाकों में खतरा, एडवाइजरी जारी

गोमती का जलस्तर बढ़ा बैराज के 10 गेट खोले

सतर्क

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में गोमती नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है। जलस्तर बढ़ने के कारण गोमती बैराज के सभी 10 गेट खोल दिए गए हैं। इसके कारण निचले इलाकों में पानी भर रहा है। गुरुवार को बारिश शुरू होने के बाद अब तक नदी का पानी लगभग 1.7 मीटर (करीब 5.5 फीट) ऊपर आ चुका है।

गोमती बैराज पर पानी 106.08 मीटर पर है, जबकि यहां खतरे का निशान 109.5 मीटर है। वहीं, गौ



घाट पर पानी का स्तर 107.57 मीटर पहुंच गया है। जबकि यहां पर 105.6 से 105.7 जो सामान्य से काफी ज्यादा है। । अधिकारियों ने बारिश जारी रहने पर बीकेटी, इटौंजा और इकाना के आसपास के निचले इलाकों में भी पानी बढ़ने की आशंका जताई है।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मुकेश मुकेश कुमार ने बताया कि फिलहाल बरसात रुकी है, लेकिन लगातार हुई बारिश के कारण नैमीशरण सहित अन्य जिलों का पानी अगले चार दिनों में लखनऊ तक पहुंचेगा। इससे जलस्तर फिलहाल बरकरार रहेगा।

निचले इलाकों तक गया पानी

पानी बढ़ने से फैजुल्लागंज के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के घरों के पास तक पानी पहुंच गया है। अधिकारियों का कहना है कि अगर बारिश यूं ही होती रही, तो इटौंजा और बख्शी का तालाब बीकेटी इलाकों में भी पानी और बढ़ सकता है। अगर पानी ऐसे ही बढ़ता रहा, तो डायल 112 दफ्तर, पुलिस मुख्यालय और इकाना स्टेडियम के आसपास के निचले इलाकों में भी पानी आ सकता है।

अधिकारियों के मुताबिक, लखनऊ के नालों का पानी गोमती में गिरने और पीलीभीत, बरेली व हरदोई जैसे इलाकों में भारी बारिश होने की वजह से नदी में पानी लगातार बढ़ रहा है। बारिश रुकने तक जलस्तर कम होने की उम्मीद कम ही है।

सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर एफआईआर दर्ज कराने और बाराबंकी के रोजगार मेलों पर रोक लगाने की मांग की

आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल और मुजफ्फरनगर के जिला सेवायोजन अधिकारी पारूल सिंघल के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सपा ने दोनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। सपा ने बाराबंकी में प्रस्तावित 'वृहद रोजगार मेला-2026' को लेकर भी निर्वाचन अधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार हैदरगढ़, रामनगर, कुर्सी, दरियाबाद, सदर और जैदपुर विधानसभा क्षेत्रों में 30 सितंबर से लेकर अक्टूबर और नवंबर की अलग-अलग तारीखों में रोजगार मेले आयोजित किए जाने के विज्ञापन



भारत निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता में चुनावी प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने वाली गतिविधियों और चुनावी कानूनों के उल्लंघन से बचने के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

प्रकाशित किए गए हैं। पार्टी ने इन आयोजनों पर रोक लगाने की मांग की है। सपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के सभी मंत्रियों के दौरा कार्यक्रमों तथा अन्य सरकारी कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी कराने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि वीडियोग्राफी के आधार पर यदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन सामने आता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। सपा ने ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि विधान परिषद की स्नातक और शिक्षक सीटों के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्भीक तरीके से कराए जाने चाहिए। ज्ञापन मुख्य निर्वाचन अधिकारी को केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

मुजफ्फरनगर में रोजगार मेले को लेकर आपत्ति

ज्ञापन में सपा ने आरोप लगाया कि 26 सितंबर 2026 को मुजफ्फरनगर में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने 'वृहद रोजगार मेला-2026' का उद्घाटन किया। पार्टी का दावा है कि मेले में 40 कंपनियों ने हिस्सा लिया और 1,330 युवाओं ने पंजीकरण कराया। साक्षात्कार के बाद 823 अभ्यर्थियों के चयन की बात भी ज्ञापन में कही गई है। सपा का आरोप है कि चयनित अभ्यर्थियों में स्नातक, बीटेक और एमबीए की योग्यता रखने वाले युवा शामिल हैं और इससे स्नातक मतदाताओं के प्रभावित होने की आशंका है।

ज्ञापन में सपा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा स्नातक और शिक्षक मतदाताओं को प्रभावित करने वाले पेड न्यूज और विज्ञापनों का प्रकाशन तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारण कराया जा रहा है। पार्टी ने ऐसे विज्ञापनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत अधिकारियों को योगी सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास, सुशासन और पंचायत व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में राज्य सरकार कल एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। पंचायती राज विभाग द्वारा नवचयनित 1,375 ग्राम पंचायत अधिकारियों को सोमवार, 28 सितंबर 2026 को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी होंगे, जो अपने कर-कमलों से इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री श्री ओम प्रकाश राजभर जी की भी विशिष्ट उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम का आयोजन सोमवार सुबह 10:30 बजे से लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल (विभूति खंड) में किया जाएगा। विभागीय कार्यक्रम रूपरेखा के अनुसार, इसमें कुल 1,375 नवचयनित ग्राम पंचायत अधिकारी शामिल होंगे। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा मंच पर 11 नवचयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान मा. पंचायती राज मंत्री श्री ओम प्रकाश राजभर जी समारोह को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही नवचयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा अपनी चयन प्रक्रिया व नियुक्ति से संबंधित अनुभव साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास पर आधारित एक विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। नवचयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों की इस नियुक्ति से ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक कार्यों के संचालन, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण नागरिकों को पंचायत स्तर पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में बड़ी मदद मिलेगी। ग्राम पंचायत अधिकारी पंचायत प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनकी भूमिका ग्रामीण विकास एवं पंचायत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने में अहम है।

समस्या : 3 दिन की बारिश से सड़कें डूबीं, 250 से ज्यादा दुकानों वाली खजाना मार्केट बंद

आशियाना में 36-घंटे से घरों में कैद लोग

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में लगातार तीन दिन से हो रही बारिश ने आशियाना को पानी में डुबो दिया है। सेक्टर ई, एल, जी और एच समेत कई इलाकों में सड़कें और घरों के बाहर घुटनों से ऊपर तक पानी भरा है। हजारों लोग 36 घंटे से घरों में कैद हैं। जलभराव के कारण 250 से ज्यादा दुकानों वाली खजाना मार्केट बंद है। व्यापारियों का कारोबार ठप है और लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

दूध की सप्लाई से लेकर ऑनलाइन फूड डिलीवरी और कैब-बाइक सेवा तक प्रभावित है। दर्जनों वाहन पानी में फंसकर बंद हो गए हैं। कुछ इलाकों में पंप लगाकर पानी निकालने की कोशिश की जा रही है।





स्थानीय दुकानदार संगम ने बताया कि पिछले तीन दिनों से पानी भरा हुआ है। जल भराव की वजह से व्यापार भी ठप है चार्ट की दुकान चलाते हैं 3 दिन से दुकान नहीं खुली है 40000 से अधिक का नुकसान हुआ है। हमेशा यही होता है जैसे ही बारिश होती है,जल भराव हो जाता है दुकान बंद करना पड़ता है।

मानसून में व्यापार का बहुत नुकसान होता है। नगर निगम और पार्षद से कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। जलभराव का असर लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर भी साफ नजर आ रहा है । दूध की सप्लाई प्रभावित हो रही है,ऑनलाइन भोजन डिलीवरी करने वाले कर्मी भी कई इलाकों तक नहीं पहुंच रहे हैं। कैब और बाइक राइडर बुकिंग कैंसिल कर दे रहे हैं। घरेलू कामकाज करने वाली सहायिकाएं और अन्य कर्मचारी भी जलभराव के कारण नहीं आ रहे हैं। पानी के तेज बहाव और गहराई के कारण लोगों ने घरों से निकलना ही बंद कर दिया। दर्जनों वाहन पानी में फंसकर बंद हो गए हैं।

250 दुकानों वाली मार्केट बंद

स्थानीय निवासी शरीफ ने बताया कि कालोनी में जल भराव कि समस्या बहुत पुरानी है। चंद घंटे कि ही बारिश के बाद घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। अभी तो 3 दिनों से बरस रहा था समस्या का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। इलाके कि सबसे बड़ी खजाना मार्केट जलभराव से बंद पड़ी है ।

यहां 250 से अधिक दुकानेंहै व्यापारियों का लाखों का नुकसान हो रहा है। ड्रेनेज सिस्टम इतना ज्यादा खराब है कि आसपास के स्कूल-कॉलेज सब बंद करना पड़ जाता है।

राजधानी में मानसून सीजन में सामान्य से 25% ज्यादा बारिश

सड़कें धंसीं, शहर में जलभराव, फसलें बर्बाद, गोमती बैराज के 10 गेट खोले

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में लगातार चौथे दिन बारिश हो रही है। 23, 24, 25 सितंबर को बिना रुके बारिश हुई, वहीं आज रविवार को रुक-रुककर बारिश हो रही है। काले बादल छाए हुए हैं।

1 जून से 27 सितंबर तक मानसून सीजन में 846.6 मिमी बारिश दर्ज हुई। सामान्य तौर पर इस अवधि में 675.7 मिमी बारिश होती है। यानी इस पूरे सीजन में सामान्य से 25% ज्यादा बारिश हो चुकी है।

शनिवार सुबह 8:30 बजे से रविवार सुबह 8:30 बजे तक लखनऊ में 44.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। लगातार बारिश से शहर में जलभराव की स्थिति है। गोमती भी उफान पर है। नदी



के बैराज के 10 गेट खोल दिए गए हैं।

गोमती का जलस्तर बढ़ने के बाद कुड़िया घाट पर बच्चे मछली पकड़ने पहुंच रहे हैं। 26 सितंबर को एक दिन में 135.8 मिमी बारिश हुई। यह सितंबर में एक दिन की सबसे ज्यादा बारिश में शामिल है। लगातार बारिश के बीच 25 सितंबर को अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा। यह 25 सितंबर का 19 साल में सबसे कम तापमान था। इससे पहले 2007 में 23 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। दिन में तेज हवाएं चलने का अनुमान है। लखनऊ के हजरतगंज इलाके में बारिश शुरू हो गई है। बारिश के चलते मौसम बदल गया है। सड़कों पर आवाजाही जारी है। सिटी स्टेशन के पास रफे आम क्लब के सामने सड़क धंस गई। सड़क धंसने से मौके पर आवागमन प्रभावित हुआ है। मौके पर लोगों की आवाजाही बनी हुई है।

एटा में युवक के सिर के आर-पार हुई गोली

खुदखुशी

इंगेजमेंट टूटने के बाद खुद को मारी, भाई का आरोप- 10 लाख मांग रहे थे लड़की के घरवाले

तमसा संकेत, एजेंसी

एटा । एटा में युवक ने कनपटी से तमंचा सटाकर खुद को गोली मार ली। गोली सिर के आर-पार हो गई। आवाज सुनकर परिजन कमरे की ओर दौड़े तो आदित्य खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

घटना शनिवार रात जिला मुख्यालय से करीब 1 किलोमीटर दूर कोतवाली नगर क्षेत्र की नई बस्ती स्वर्णपुरी की है। परिजनों के मुताबिक, आदित्य की करीब चार महीने पहले कटरा मोहल्ले की युवती से सगाई हुई थी। दोनों परिवार शादी की तैयारियों और बातचीत में लगे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और रिश्ता टूट गया। परिवार का कहना है कि इसके बाद से आदित्य तनाव में रहने लगा था। आदित्य के पिता करू पंडित के मुताबिक, शनिवार शाम करीब 6 बजे लड़की के भाई कृष्णा का उसे फोन आया था। दोनों के बीच बातचीत हुई। परिजनों का कहना है कि फोन पर बात करने के बाद आदित्य और तनाव में नजर आया। रात करीब 10:30 बजे उसके कमरे से गोली चलने की आवाज आई। परिजन कमरे में पहुंचे तो वह गंभीर हालत में पड़ा था।


आदित्य, मृतक

> सीओ सदर संकलदीप कुशवाह ने बताया-रात करीब 10:30 बजे युवक द्वारा गोली मारने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक मृत अवस्था में मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जानकारी में प्रेम प्रसंग के चलते युवक द्वारा खुद को गोली मारने की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है।

शादी के लिए 10 लाख रुपए मांगने का आरोप

मृतक के बड़े भाई आलोक पांडे ने आरोप लगाया कि युवती के जीजा विमल और पिता राकेश की ओर से शादी के लिए 10 लाख रुपए मांगे जा रहे थे। परिवार का दावा है कि इसमें से एक लाख रुपए दिए भी जा चुके थे, जबकि बाकी रकम शनिवार को देने की बात कही गई थी। आलोक के मुताबिक, आदित्य और युवती करीब एक साल से रिश्ते में थे और दोनों की सगाई भी तय हुई थी। परिवार का आरोप है कि शनिवार दोपहर से युवती के जीजा विमल और पिता राकेश के लगातार फोन आदित्य के मोबाइल पर आ रहे थे। इसके बाद वह परेशान था।


बेटे की मौत के बाद मां बेसुध है, नानी खबर सुनते ही बेहोश हो गई।

आखिरी बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग सामने आई

आदित्य की मौत से पहले की बताई जा रही एक कॉल रिकॉर्डिंग भी सामने आई है। इसमें आदित्य युवती के भाई कृष्णा से कहता सुनाई दे रहा है कि जीजा विमल उससे पैसे मांग रहे हैं। वह कृष्णा से बार-बार युवती से बात कराने को कहता है। कृष्णा जवाब देता है कि उसकी बहन उसके साथ रहेगी और अगर जीजा या पिता पैसे मांगते हैं तो उसे बताया जाए। बातचीत में आदित्य कहता है कि उससे लगातार पैसे मांगे जा रहे हैं। वह युवती को उसके घर भेजने की बात भी पूछता है। कॉल रिकॉर्डिंग की पुलिस ने अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। रिकॉर्डिंग सही है या नहीं और इसमें बातचीत करने वाले लोग कौन हैं, इसकी जांच पुलिस कर रही।

लखीमपुर खीरी में खराब मौसम के चलतें स्कूल बंद

28 सितंबर को कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूल बंद

तमसा संकेत, एजेंसी



लखीमपुर-खीरी । लखीमपुर खीरी में कई दिनों से लगातार खराब मौसम, अतिवृष्टि और तेज आंधी-तूफान के साथ आकाशीय बिजली की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने एक बार फिर स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। सोमवार 28 सितंबर को कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालय बंद रहेंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, जिलाधिकारी के निर्देश पर अत्यधिक वर्षा, जलभराव और अतिवृष्टि की स्थिति को देखते हुए जिले के सभी विद्यालयों में 28 सितंबर को अवकाश रहेगा। इसमें परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई समेत अन्य बोर्ड से संचालित विद्यालय शामिल हैं।

आदेश में सभी संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधनों को अवकाश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। इससे पहले शनिवार 26 सितंबर को भी लगातार खराब मौसम और भारी बारिश के चलते कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया था। अब मौसम की स्थिति को देखते हुए सोमवार को भी स्कूल बंद रखने का फैसला लिया गया है।

लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण जिले के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

फास्ट न्यूज

भ्रूण लिंग जांच रैकेट पकड़े जाने के बाद जागे अफसर

आगरा। आगरा में भ्रूण लिंग जांच के अंतरराज्यीय रैकेट का खुलासा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। अब जिले के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की जाएगी। विभाग लाइसेंस और मरीजों के रिकॉर्ड की पड़ताल के साथ ही पुरानी अल्ट्रासाउंड मशीनों का भी ऑडिट करेगा। आशंका है कि रैकेट में शामिल लोग पुरानी या खराब हो चुकी मशीनों को सस्ते दामों पर खरीदकर उनका इस्तेमाल अवैध लिंग जांच में कर रहे हैं।

कानपुर के 5000 घरों में पानी

कानपुर। कानपुर में लगातार बारिश के बाद कल्याणपुर आवास विकास-3 के हालात बिगड़ गए हैं। रविवार सुबह तेज बारिश रुक गई, लेकिन नाला ओवरफ्लो होने से नाली और सीवर का पानी घरों में पहुंच गया। कहीं बेडरूम में पानी है तो कहीं पूरा ग्राउंड फ्लोर जलमग्न है। कई घरों में दो से तीन फीट तक पानी भरा है। रिपोर्टर ने मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की। इलाके में सब्जी मंडी, पुलिस चौकी रोड, शिव मंदिर के सामने व पीछे की ओर, कृष्णा पार्क, झंडा पार्क, अर्मापुर स्टेट के सामने वाली रोड, शहीद संदीप चौहान की प्रतिमा वाली रोड समेत पूरे क्षेत्र की सड़कें जलमग्न हैं।

कच्चा मकन गिरा, मलबे में दबकर महिला की मौत

सीतापुर। सीतापुर में रविवार सुबह करीब 11 बजे लगातार हो रही बारिश के बीच कच्ची कोठरी भरभराकर गिर गई। हादसे के समय कोठरी के अंदर मौजूद रूपरानी पत्नी बच्चूलाल, मलबे में दब गईं। आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कुशीनगर में 12 साल की बच्ची की हार्ट-अटैक से मौत

कब्र से शव निकालकर पोस्टमॉर्टम कराया

तमसा संकेत, एजेंसी


नेहा, मृतक छात्रा

कुशीनगर। कुशीनगर में 12 साल की छात्रा की मौत हार्ट अटैक से हुई है। वह स्कूल में बैठे-बैठे अचानक फर्श पर गिर गई थी। यह खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ। डीएम के निर्देश पर दो दिन बाद शुक्रवार को छात्रा का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया।

शनिवार को रिपोर्ट में मौत की वजह सामने आई तो सब हैरान रह गए। शनिवार को बच्ची का अंतिम संस्कार किया गया। पूरा मामला जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर रामकोला थाना क्षेत्र का है। रामपुर भाठ गांव के रहने वाले राजाराम उर्फ बबलू मुंबई की नमकीन फैक्ट्री में काम करते हैं। परिवार में पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं। इनमें सोनू कुमार (15), नेहा (12), विक्की (9) और गुड़िया (6) हैं। नेहा गांव के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय महुअवा में कक्षा 7 में पढ़ती थी। बुधवार सुबह नेहा स्कूल गई थी। करीब 10 बजे वह स्कूल में बेंच पर बैठी थी। तभी बैठे-बैठे अचानक फर्श पर गिर पड़ी। घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। उस समय स्कूल में कोई शिक्षक नहीं था। साथ पढ़ने वाले बच्चों ने शोर मचाकर परिजनों को बुलाया। परिजन नेहा को उठाकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिवार ने शिक्षकों पर लापरवाही और इलाज में देरी का आरोप लगाया।

कानपुर में इंडी गठबंधन पर किया तंज, कहा- हम सिद्धांतों से समझौता नहीं करते

दिल मिले न मिले हाथ मिलने चाहिए : अनुप्रिया पटेल

तमसा संकेत, एजेंसी



कानपुर । अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सपा की पीडीए रथयात्रा और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। कहा- इनका गठबंधन तो ऐसा लगता है, जैसे दिल मिले न मिले, हाथ मिलने चाहिए। इनके गठबंधन में एक-दूसरे के गढ़ से एक-दूसरे को चुनौती देने का काम किया जा रहा है।

एक भी कार्यक्रम संयुक्त रूप से नहीं हो रहे। लेकिन, चुनाव साथ लड़ने की बात करते हैं। हम सब तो यह देखकर आनंद ले रहे हैं। कहीं न कहीं आपसी सामंजस्य बिगड़ा हुआ है। एनडीए गठबंधन आने वाले चुनाव में रिकॉर्ड जीत हासिल करने जा रहा है। शनिवार को अनुप्रिया पटेल कानपुर के घाटमपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचीं। कैप्टन सुखवासी जनता स्मारक महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा- कानपुर मेरी जन्मस्थली है। आपके बीच आना परिवार के बीच आने जैसा महसूस होता है। आप सबके प्रेम से अपना दल यूपी में एक राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरा है। इस दौरान विधायक सरोज कुरील ने अनुप्रिया को 101 किलो की फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

> अपना दल (एस) से बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने अनुप्रिया पटेल को मातृशक्ति का स्वरूप बताया। कहा- हमारी पार्टी विधानसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाने का काम करेगी।

अनुप्रिया ने कहा- 2027 के चुनाव के लिए हमारी पार्टी पूरी तरह तैयार है। हमारे कार्यकर्ता वैसे तो 365 दिन जनता के बीच में बने रहते हैं और 5 साल लगातार बने रहे हैं। फिलहाल हमारे कार्यकर्ताओं की यही कोशिश है कि संगठन में अगर कहीं किसी प्रकार की कोई कमी है, तो उसको दुरुस्त किया जाए।



बोलीं- एनडीए गठबंधन मुट्ठी की तरह मजबूत

अनुप्रिया ने कहा- डॉ. सोनेलाल पटेल ने 1995 में पार्टी बनाई थी। 2017 के विधानसभा चुनाव में जब अपना दल (एस) के 9 विधायक जीते थे, तब जय कुमार जैकी को मंत्री बनाया गया था। वर्तमान में उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपना दल (एस) के 13 विधायक हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) लोकसभा में पहुंचा। कानपुर की बेटी (अनुप्रिया) को मिर्जापुर की जनता ने अपनी बेटी मानकर चुनाव जिताया।

उन्होंने कहा- एनडीए 5 दलों की मजबूत मुट्ठी है। हमारी पार्टी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करती। 2027 के विधानसभा चुनाव में भी एनडीए की रिकार्ड जीत होगी।

झांसी में 4 यात्री झुलसे, महिला बोली- पैर जले, चल नहीं पाई तो घिसटकर जान बचाई

कार की टक्कर के बाद ऑटो में लगी आग

तमसा संकेत, एजेंसी

झांसी । झांसी में रविवार सुबह एक लग्जरी कार ने सीएनजी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो आग का गोला बन गई और 20 फुट ऊंची लपटे उठने लगी। इसमें ड्राइवर समेत 4 लोग झुलस गए। उनको मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है।

घायल महिला ने कहा- टक्कर के बाद मैं ऑटो के बाहर गिर गई। ऑटो में भीषण आग लगी थी और लोग चिल्ला रहे थे कि भागोभागो। मगर मेरे पैर जल चुके थे और मैं भाग नहीं पा रही थी। ऐसे में घसीट-घसीटकर 20 मीटर तक आई। तब दो युवकों मुझे उठाकर दूर ले गए और बचाया।

आग लगने की सूचना पर फायर-बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग से ऑटो पूरी तरह से जल गया। वहीं, हादसे के बाद ड्राइवर कार को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हादसा सदर बाजार थाना क्षेत्र में हंसारी रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ है। हादसे की जानकारी मिलने पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद फायरबिग्रेड को मौके पर बुलाया गया। लगभग आधा घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक ऑटो पूरी तरह से जल चुका था।





बबीना से झांसी आ रही थी ऑटो

बबीना के रसोई गांव के रहने वाले कुमेर यादव (50) ने बताया- मैं सीएनजी ऑटो चलाता हूं। रविवार सुबह ऑटो में 5 सवारी बैठाकर बबीना से झांसी आ रहा था। जब हंसारी रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा तो सामने से आ रही हुंडई वरना कार ने रॉन्ग साइड आकर ऑटो में जोरदार टक्कर मारी। टक्कर मारकर ऑटो को लगभग 10 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तुरंत आग लग गई। दो युवक बाहर फिक गए। बाकी लोग किसी तरह ऑटो से बाहर निकले। एक्सीडेंट में चोट आने और झुलसने से कुमेर यादव, खैलार निवासी राजीव (31), बबीना के राजा का तालाब निवासी फूला देवी (70) और आईटीआई कॉलोनी निवासी सविता नागर (44) घायल हो गईं। चारों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है

हॉस्पिटल से लौट रही थी सविता

सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के आईटीआई कॉलोनी में रहने वाली सविता नागर ने बताया कि वह बबीना एमएच हॉस्पिटल में वार्ड सहायिका के पद पर कार्यरत है। नाइट ड्यूटी करके सुबह ऑटो से घर लौट रही थी। रास्ते में कार ने जोरदार टक्कर मारी। एकदम से आग का गोला उठा। किसी तरह मैं बच पाई। वहीं, फूलादेवी ने बताया- वह अपने भांजे कमलेश से मिलने के लिए तालपुरा आ रही थी। हादसे में किसी तरह वह बच पाई हैं।

सदर बाजार थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया- सभी घायल खतरे से बाहर है। उनको मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

विदेश भेजने के नाम पर एक लाख ठगने वाला गिरफ्तार

युवक को सऊदी अरब का फर्जी टिकट थमाकर एयरपोर्ट भेजा

तमसा संकेत, एजेंसी



सहारनपुर। सहारनपुर पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी के मामले में आरोपी फरीद को गिरफ्तार किया है। फरीद ने युवक अजमल खान को सऊदी अरब में ड्राइवर की नौकरी और वीजा दिलाने का झांसा दिया था।

अजमल से रकम लेने के बाद उसे फर्जी एयर टिकट थमा दिया गया। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर कर्मचारियों ने टिकट को फर्जी बताकर यात्रा से इनकार कर दिया। अजमल पहले सऊदी अरब में काम कर चुका था और दोबारा नौकरी तलाश रहा था। टपरी निवासी ताजिम ने उसे फरीद से मिलवाया था। अजमल ने 22 अगस्त 2024 को फरीद और ताजिम को एक लाख रुपये नकद दिए। वीजा नहीं मिलने पर फरीद ने 20 जून 2025 की यात्रा का फर्जी टिकट वॉट्सऐप पर भेजा। एयरपोर्ट पर टिकट फर्जी निकलने के बाद अजमल ने फरीद से पैसे और दस्तावेज मांगे। फरीद ने उसे धमकाया। अजमल की शिकायत पर 24 सितंबर 2025 को गागलहेड़ी थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर फरीद को टपरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मामले में ताजिम समेत अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पृष्ठ 01 का शेष...

जनता नकारे तो ...

लोकतंत्र में हिंसा, तोड़फोड़ और दुष्प्रचार के लिए कोई जगह नहीं है।

सीएम ने कहा- विपक्षी दल अगर चुनाव जीतें तो यह उनका पुरुषार्थ है। लेकिन भ्रष्टाचार, धांधली, घटिया नीति और अराजकता के चलते जनता इन्हें खारिज करे तो चुनाव आयोग और EVM को दोषी ठहराते हैं। इन दलों को अपने बचकाने बयानों को लेकर चिंतन करना चाहिए। देश में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर रही है। SIR के बारे में पहले से ही निर्देश दिए गए थे कि छूटे हुए मतदाताओं को फॉर्म भरने की पूरी छूट है। फॉर्म-6 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को ठीक ठहराया है।

योगी ने कहा- तीनों चुनाव आयुक्तों ने मीडिया के सामने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, छूटे मतदाताओं और फॉर्म-6 को लेकर स्थिति साफ कर दी है। अब कोई प्रश्न खड़े नहीं होते हैं। इसके बाद भी कांग्रेस, सपा और उनके सहयोगी दल बाल की खाल उधेड़ने में लगे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारत में हर वयस्क को जाति, क्षेत्र, भाषा और लिंग के भेदभाव के बिना वोट देने का अधिकार है। चुनाव से एक दिन पहले तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का भी अधिकार है। ऐसी पूरी पारदर्शी प्रक्रिया पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने जैसा है। विपक्षी दलों को अपने रवैये के लिए आम लोगों और संवैधानिक संस्थाओं से माफी मांगनी चाहिए।

द इंडियन एक्सप्रेस की 23 सितंबर की रिपोर्ट के मुताबिक, दो चुनाव आयुक्तों ने पिछले 10 महीनों में SIR को लेकर कम से कम 14 बार लिखित आपत्ति दर्ज की। इनमें 4 आपत्तियां एक ही दिन की गई थीं। हालांकि, चुनाव आयोग ने कहा था कि ऐसी आपत्तियां सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। SIR समेत सभी अंतिम फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

राहुल गांधी- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश ने वोट चोरी की है। वे देशद्रोही हैं। मैंने उनकी नियुक्ति का विरोध किया था, लेकिन सरकार ने मेरी बात नहीं मानी।

अखिलेश यादव- अब ज्ञानेश कुमार की निगरानी में कोई चुनाव नहीं होना चाहिए। आयोग के भीतर फैसलों पर आपत्तियां उठना इस बात का संकेत है कि मुख्य चुनाव आयुक्त सत्ता की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं।

प्रियंका गांधी- 13 करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। राहुल गांधी कई प्रेस कॉन्फ्रेंस में इससे जुड़े सबूत पेश कर चुके हैं। इस मुद्दे को सिर्फ राजनीतिक दावा बताकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

TMC सांसद महुआ मोइत्रा ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ दिल्ली के संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महुआ का आरोप है कि ज्ञानेश ने मतदाता सूची में नियमों के खिलाफ बदलाव किए गए और पात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए।

तमिलनाडु सरकार ...

तमिलनाडु के प्रमुख भ्रष्टाचार-विरोधी संगठन अरप्पोर इयक्कम ने मूल फैसले को "चौंकाने वाला" बताया था। संगठन ने कहा था कि सरकार ने पब्लिक विभाग की लॉ एंड ऑर्डर विंग को RTI Act से बाहर कर दिया।

संगठन ने कहा, "पब्लिक विभाग की लॉ एंड ऑर्डर विंग के पास मौजूद हर सूचना को इंटेलिजेंस से जुड़ा बताना बेतुका है। तमिलनाडु सरकार को यह आदेश तुरंत वापस लेना चाहिए।"

तमिलनाडु में फ्लोर टेस्ट पास करने के कुछ घंटे बाद ही विजय ने ज्योतिषी राधन पंडित को स्पेशल ड्यूटी ऑफिसर (OSD) पद से हटा दिया था। विजय ने पद से हटाने के 24 घंटे पहले ही उन्हें जिम्मेदारी दी थी, लेकिन विपक्ष और सहयोगी पार्टियों के विरोध के बाद फैसला वापस लेना पड़ा।

राधन लंबे समय से विजय के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने विजय के मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी की थी। उनकी सलाह पर ही 10 मई को विजय के शपथ ग्रहण का समय भी बदला गया था। राधन ज्योतिषी होने के साथ TVK के प्रवक्ता भी रहे हैं।

आतंकियों को ...

पीएम मोदी ने कहा कि भगवान गणेश की भक्ति सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। थाईलैंड में गणेश जी की पूजा 'फ्रा फिकानेट' के रूप में की जाती है। उन्होंने बताया कि गणेश से जुड़ी परंपराओं पर शोध करने वाले श्रद्धालुओं के प्रयासों से वहां अष्टविनायक यात्रा भी लोकप्रिय हुई है। मोदी ने असम में पिग्मी हॉग के संरक्षण कार्यक्रम का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कभी इस छोटे जीव के अस्तित्व पर खतरा था। संरक्षण कार्यक्रम के बाद अब इसकी संख्या 190 से ज्यादा हो गई है।

असम के सोनाई रूपाई वन्यजीव अभयारण्य का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यहां कभी हाथी रहते थे, लेकिन जंगल की जमीन पर इंसानी दखल बढ़ने से वे दूर चले गए थे। करीब तीन साल पहले अतिक्रमण हटाए जाने के बाद हाथी फिर इस इलाके में लौट आए हैं और अब उनके झुंड दिखाई दे रहे हैं।

पीएम मोदी ने 28-29 सितंबर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उरी में सेना के कैंप पर आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने LoC पार कर आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी। मोदी ने इसे आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई और नई नीति का उदाहरण बताया।

मोदी ने कहा कि इस साल अमेरिका में हुए 9/11 आतंकी हमले को 25 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और 2014 में न्यूयॉर्क जाकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने की बात भी बताई। इसके अलावा उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के नेता अशोक सिंघल की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और राम जन्मभूमि आंदोलन में उनके योगदान का जिक्र किया। पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती का जिक्र करते हुए कहा कि बापू ने जीवन के कई मंत्र दिए, जिनमें स्वच्छता भी शामिल है। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्वच्छता से जुड़े फोटो, वीडियो और रील्स का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा कि देश में स्वच्छता को लेकर कई तरह के प्रयास हो रहे हैं। लोगों के छोटे-छोटे प्रयासों से पूरा समाज इससे जुड़ रहा है।

दिल्ली के मंत्री प्रवेश...

उन्होंने कमीशन मांगा था, नहीं मिलने पर विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा- जरनैल के साथियों ने मेरे परिवार को गाली दी, इन हालात में कोई भी आम आदमी जो करता, वही मैंने किया।

प्रवेश वर्मा ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें वे कह रहे हैं कि "आम आदमी पार्टी जो वीडियो शेयर कर रही है, उसके पीछे की सच्चाई आपको पता होनी चाहिए। विकास पुरी रिंग रोड पर पिछले कई दिनों से सड़क बनाने का काम चल रहा है। उस इलाके के विधायक जरनैल सिंह कई दिनों से PWD विभाग के इंजीनियरों से कह रहे थे कि वे उन्हें कॉन्ट्रैक्टर से मिलवाएं और उनके लिए कमीशन का इंतजाम करें। हमारे इंजीनियर ने पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई है और उनके खिलाफ FIR दर्ज की जा रही है।"

प्रवेश ने बताया- आज जब मैं उस रास्ते से जा रहा था, तो मैंने इंजीनियरों से कहा कि मैं एक बार सारे काम देखना चाहता हूं। मैंने देखा काम अच्छे से हो रहा था। स्थानीय लोगों ने मुझे बताया कि 15 साल से सड़क नहीं बनी थी। शायद आम आदमी पार्टी इस बात से बहुत नाखुश है कि दिल्ली में सभी सड़कें बन रही हैं, जिनमें वे सड़कें भी शामिल हैं जो 15 साल से नहीं बनी थीं।

रिवॉल्वर दिखाकर...

पीछे का शीशा भी तोड़ दिया था।

कोलकाता के कालीघाट में ममता बनर्जी के आवास के बाहर कुणाल घोष पर अंडा फेंका गया था। घटना उस समय हुई, जब घोष ममता से मुलाकात के बाद बाहर निकलकर मीडिया से बात कर रहे थे। घोष ने शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने चंदन सिंह और रवि कोयल को गिरफ्तार किया था।

उज्बेकिस्तान-2 को 3.5-0.5 से हराया, आखिरी राउंड में हंगरी से मुकाबला

चेस ओलिंपियाड में गोल्ड की दौड़ में भारत

मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

उज्बेकिस्तान में चल रहे 46वें चेस ओलिंपियाड के 10वें राउंड में भारतीय मेंस टीम ने उज्बेकिस्तान-2 को 3.5-0.5 से हराया। इस जीत के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। अब टूर्नामेंट में एक राउंड बाकी है।

भारत के 17 पॉइंट्स हैं, जबकि उज्बेकिस्तान 18 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। आखिरी राउंड में भारत का सामना हंगरी से होगा, जबकि उज्बेकिस्तान की टीम यूक्रेन से खेलेगी। भारत के लिए वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश, आर. प्रज्ञानानंद और निहाल सरीन ने जीत दर्ज की। अर्जुन एरिगैसी का मुकाबला ड्रॉ रहा। डी गुकेश ने ओर्तिक निगमातोव को हराया। गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए शुरुआत से अपनी स्थिति मजबूत रखी। उन्होंने 47 चालों में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ गुकेश का व्यक्तिगत स्कोर 10 मैचों में 8.5 अंक हो गया। महिला सेक्शन के 10वें राउंड में भारत और चीन का मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। दोनों टीमों के बीच मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा। भारत की वंतिका अग्रवाल और चीन की लू मियाओयी के बीच मुकाबला लंबे समय तक बराबरी का रहा। एंडगेम में वंतिका को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद बाकी मुकाबलों के रिजल्ट से दोनों टीमों का स्कोर 2-2 रहा। इस ड्रॉ के बाद चीन 18 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। कजाकिस्तान 17 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत, पोलैंड और वियतनाम के 16-16 पॉइंट्स हैं। कजाकिस्तान ने फ्रांस को 2.5-1.5 से हराकर महिला वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। कजाकिस्तान की बिबिसारा असौबायेवा ने जीत दर्ज की, जबकि 16 साल की एलनाज कालियाखमेत ने भी फ्रांस के खिलाफ अहम जीत हासिल की।



प्रज्ञानानंद, निहाल और गुकेश ने जीत दिलाई

आर. प्रज्ञानानंद ने जाखोंगीर वाहिदोव को हराया। दोनों के बीच मुकाबला आखिरी चरण तक पहुंचा, जहां दोनों खिलाड़ियों के पास राजा और हाथी बचे थे। प्रज्ञानानंद ने बेहतर खेल दिखाते हुए बाजी अपने नाम कर ली। प्रज्ञानानंद ने यहां बेहतर खेल दिखाया और वाहिदोव को मात दी। अर्जुन एरिगैसी और अब्दिमालिक अब्दिसालिमोव का मुकाबला ड्रॉ रहा। अर्जुन के पास स्थिति को अपने पक्ष में करने के मौके थे, लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर सके।

निहाल सरीन ने मुहम्मदजोखिद सुयारोव को हराया। निहाल ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। उन्होंने सुयारोव की गलती का फायदा उठाया और मुकाबला अपने नाम किया।

भारत जीता और उज्बेकिस्तान हारा तो गोल्ड

आखिरी राउंड में भारत को हंगरी और उज्बेकिस्तान को यूक्रेन से खेलना है। भारत अगर हंगरी को हराता है और उज्बेकिस्तान यूक्रेन से हार जाता है, तो भारत 19 पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंचकर गोल्ड मेडल जीतेगा। अगर भारत जीतता है और उज्बेकिस्तान का मुकाबला ड्रॉ रहता है, तो दोनों टीमें 19-19 पॉइंट्स पर होंगी। ऐसे में मेडल का फैसला टाई-ब्रेक से होगा।

रोहित-कोहली की वापसी से मजबूत होगी टीम इंडिया

प्लेइंग 11 में खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

नई दिल्ली । भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार को तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला तिरुअनंतपुरम के ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे जबकि वेस्टइंडीज की कमान शाई होप संभालेंगे।

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर सभी की निगाहें होंगी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में केवल वनडे प्रारूप में सक्रिय हैं। वैसे, तेज गेंदबाज ऑलराउंडर नीतिश कुमार रेड्डी पर भी विशेष ध्यान होगा, जो चोट के बाद लौटे हैं और अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था।

हालांकि, वेस्टइंडीज के खिलाफ नीतिश के लिए चुनौती इस बात की रहेगी कि वो चार से ज्यादा ओवर कर पाते हैं या नहीं। यह भी देखने वाली बात होगी कि वो निरंतर अच्छी गति के साथ गेंदबाजी कर पाते हैं या नहीं। इसके अलावा शुभमन गिल और केएल राहुल आगामी सीरीज में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे।



भारत का टॉप ऑर्डर तय है। रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल पारी की शुरुआत करते हुए नजर आएंगे। विराट कोहली का तीसरे नंबर पर आना फिक्स है। इनके कारण यशस्वी जायसवाल को अपने मौके का इंतजार करना होगा। भारत के मिडिल ऑर्डर में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की मौजूदगी नहीं है, जो एशियन गेम्स में टीम इंडिया के साथ हैं।

10वें राउंड के बाद उज्बेकिस्तान 18 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। भारत 17 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। यूक्रेन, जर्मनी और हंगरी के 16-16 पॉइंट्स हैं।

बीसीसीआई ने मुथूट फिनकॉर्प के साथ शुरू किया भारतीय क्रिकेट का नया अध्याय



तिरुवनंतपुरम। मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड ने भारतीय क्रिकेट में बड़ा कदम रखते हुए भारत में खेले जाने वाले घरेलू क्रिकेट के लिए टाइटल स्पॉन्सरशिप हासिल की है। यह साझेदारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ कंपनी के जुड़ाव को और व्यापक बनाती है। इस करार के तहत मुथूट फिनकॉर्प भारत में होने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों और प्रमुख घरेलू प्रतियोगिताओं से जुड़ेगा। इसमें पुरुष और महिला सीनियर राष्ट्रीय टीमों के अलावा इंडिया-ए, इंडिया-बी, अंडर-19 टीमों तथा अन्य नामित टीमों के मुकाबले शामिल हैं।

इन टूर्नामेंट्स में भी आएगी नजर

रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप, दलीप ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी, देवधर ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भी इस साझेदारी का हिस्सा हैं। मुथूट फिनकार्प के सीईओ शाजी वर्गीज ने कहा कि यह साझेदारी कंपनी को भारतीय क्रिकेट के व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र और आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ने का अवसर देती है। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने भी इस साझेदारी का स्वागत करते हुए इसे भारतीय क्रिकेट की व्यापक पहुंच का प्रतीक बताया।

ट्रॉफी के लिए सबकुछ दांव पर लगा दूंगा वनडे में सबसे ज्यादा 54 शतक लगाने वाले बल्लेबाज

2027 में आखिरी वर्ल्ड कप खेलूंगा : कोहली

नई दिल्ली, एजेंसी

विराट कोहली ने कहा कि 2027 का वर्ल्ड कप भारत के लिए उनका आखिरी वर्ल्ड कप होगा। उन्होंने कहा कि वे ट्रॉफी जीतने के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगाने को तैयार हैं। कोहली ने कहा, मैं मैदान पर अपना 100% देना चाहता हूं। लक्ष्य बिल्कुल साफ है- वर्ल्ड कप जीतना। 37 साल के कोहली सिर्फ वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने 2024 में टी-20 इंटरनेशनल और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। विराट कोहली अब तक 4 वनडे वर्ल्ड कप (2011, 2015, 2019 और 2023) खेल चुके हैं। उनके नाम वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 54 शतक भी हैं। 2027 का वनडे वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में भारतीय टीम ने अभ्यास किया। कोहली और रोहित दोनों नेट्स में उतरे। उन्हें देखने के लिए स्टेडियम में दर्शकों की भीड़ पहुंच गई।

कोहली ने कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और नमन धीर की स्पिन का सामना किया। बाद में वे तेज गेंदबाजों के नेट में भी गए।

रोहित ने ग्रीनफील्ड स्टेडियम में करीब 30 मिनट बल्लेबाजी की। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ डिफेंस पर भरोसा रखा और कुछ शानदार कट शॉट भी लगाए।



विराट कोहली ने 2024 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था।

50 ओवर का मैच, ढाई टी-20 जितनी क्रिकेट

कोहली ने 50 ओवर के वर्ल्ड कप की शारीरिक और मानसिक चुनौती भी बताई। उनके मुताबिक एक वनडे में खिलाड़ी को करीब ढाई टी-20 मैच जितनी क्रिकेट खेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि 2027 वर्ल्ड कप विदेशी परिस्थितियों में होगा। अलग-अलग मैदानों और विरोधी टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलने से चुनौती और बढ़ेगी। ऐसे में उनकी नजर पूरे टूर्नामेंट में अपने स्तर को बनाए रखने और टीम को खिताब तक पहुंचाने पर होगी।

रोहित बोले- अभी बहुत कुछ बाकी है

रोहित ने कहा कि अभी बहुत कुछ बाकी है। जब तक वे खेल रहे हैं, उन्हें आगे देखने के लिए कुछ न कुछ मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके मन में कभी यह विचार नहीं आएगा कि उनका काम पूरा हो गया है। रोहित भी टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे खेल रहे हैं।



- कोहली का यह पांचवां वनडे वर्ल्ड कप होगा। 2011 में भारतीय टीम ने धोनी की कप्तानी 28 साल बाद खिताब जीता था और कोहली उस टीम का हिस्सा थे। 2023 में भारत फाइनल तक पहुंचा, लेकिन अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार गया।
- वर्ल्ड कप में कोहली का रिकॉर्ड भी उनके लंबे सफर को दिखाता है। उन्होंने 37 मैचों में 1,795 रन बनाए हैं। औसत 59.83 का है। उनके नाम 5 शतक और 12 अर्धशतक हैं।

मनोरंजन

कहा- आपने जिस तरह ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब दिया, वो बहुत बड़ी बात है

फातिमा सना शेख ने की सलमान की तारीफ

मुंबई, एजेंसी

एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने ऑनलाइन ट्रोलिंग और बॉडी-शामिंग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के लिए सलमान खान की तारीफ की।

'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' आज के एपिसोड के प्रोमो में दिखा कि एक्ट्रेस अपनी हालिया सीरीज 'हुंकारः द रोर' के प्रमोशन के लिए शो में पहुंचेगी।

इस दौरान सलमान के साथ बातचीत में फातिमा ने कहा कि आपने जिस तरीके से ट्रोल्स को इस बार मुंह तोड़ जवाब दिया है। यह बहुत बड़ी बात है क्योंकि आपके पोजीशन में अगर कोई ऐसी बात करता है, कोई मुद्दों पर खड़ा होता है, वो बहुत ही बड़ा इम्पैक्ट देता है लोगों पर। हालांकि, फातिमा की इस बात पर सलमान ने क्या रिएक्शन दिया, यह प्रोमो में नहीं दिखा। सलमान ने यह भी कहा था कि ट्रोलर्स को सोचना चाहिए कि उनके अपने परिवार के किसी सदस्य के बारे में ऐसी टिप्पणी की जाए तो उन्हें कैसा लगेगा। उन्होंने बताया था कि उन्हें भी सोशल मीडिया पर 'बूढ़ा हो गया' जैसी टिप्पणियां सुनने को मिलती हैं। सलमान ने कहा कि 60 साल का होना स्वाभाविक है।





सलमान खान ने ट्रोलिंग पर नाराजगी जताई थी

सलमान खान ने पिछले हफ्ते टीवी शो 'बिग बॉस 20' में सोशल मीडिया ट्रोलिंग, बॉडी-शेमिंग और एज-शेमिंग पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि सोशल मीडिया आज गेमिंग, कंटेंट क्रिएशन और वीडियो एडिटिंग जैसे क्षेत्रों में रोजगार और पहचान का जरिया बन चुका है, लेकिन इसका एक नकारात्मक पहलू ट्रोलिंग भी है। सलमान ने सवाल उठाया था कि किसी दूसरे व्यक्ति को अपमानित करके पैसा कमाने की जरूरत क्यों पड़ती है। उन्होंने कहा कि लोग सोशल मीडिया पर किसी के शरीर, वजन, लुक्स, परिवार, उम्र, मुस्कान, करियर या निजी जिंदगी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हैं। उन्होंने ट्रोलर्स से पूछा था कि जिस व्यक्ति को वे गाली दे रहे हैं, वे नहीं जानते कि वह निजी तौर पर किन परिस्थितियों से गुजर रहा है।

बेटी दिवस पर कृति सैनन की बड़ी अपील

देश की बेटी और महिलाओं की सुरक्षा पर दिया खास संदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

बी टाउन की लेडी सुपरस्टार के तौर कृति सैनन (Kriti Sanon) को जाना जाता है। बेटी दिवस के मौके पर कृति ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने डॉटर्स डे मनाने के पारंपरिक तरीके पर सवाल उठाते हुए समाज से सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बनी चिंताओं पर ध्यान देने की अपील की।

हर साल सितंबर के महीने के चौथे रविवार को डॉटर्स डे मनाया जाता है। इसको लेकर कृति सेनन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है और लिखा है कि- आज युवा महिलाओं को किस तरह हर समय सतर्क रहना पड़ता है। उन्होंने रोजमर्रा की उन परेशानियों को सामने रखा, जिनका सामना कई लड़कियां करती हैं। उन्होंने लोगों से सोचने को कहा कि अगर कोई बेटी फोन करके कहे कि कुछ पुरुष उसका पीछा कर रहे हैं।



वह अकेले घर जाते समय बार-बार पीछे मुड़कर देखे या सुरक्षित जगह पहुंचने से पहले उसके फोन की बैटरी खत्म होने लगे, तो उसे कैसा महसूस होगा।



मनीष मल्होत्रा के शो में बने शोस्टॉपर, स्टेज पर पल्लू संभालती नजर आईं एक्ट्रेस

आलिया भट्ट-विक्की कौशल ने साथ में किया रैंप वॉक

नई दिल्ली, एजेंसी

फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के मिजवान शो में आलिया भट्ट और विक्की कौशल शोस्टॉपर बने। यह शो शनिवार को मुंबई में हुआ।

मनीष मल्होत्रा ने अपना नया मिजवान कलेक्शन पेश किया। यह कलेक्शन मिजवान वेलफेयर सोसाइटी के साथ 15 साल के जुड़ाव को समर्पित है।

वहीं, शो के अंत में स्टेज पर आलिया और विक्की के साथ मनीष मल्होत्रा और शबाना आजमी भी आए। इस दौरान आलिया के साथ एक छोटा-सा वाकया हुआ।

रैंप पर चलते समय आलिया को अपना पल्लू संभालना पड़ा। इस दौरान शायद किसी का पैर गलती से उनके ही पल्लू पर चढ़ गया। हालांकि यह वीडियो में क्लियर नहीं दिखा। हालांकि, आलिया का संतुलन नहीं बिगड़ा और वह बिना किसी परेशानी के अपनी रैंप वॉक पूरी करती नजर आईं। आलिया का साड़ी का पल्लू कंधे पर ड्रेप किया गया था। इससे उनका स्टाइलिश मॉडर्न ब्लाउज और साड़ी की बारीक कारीगरी नजर आई।



बैंडो स्टाइल ब्लाउज पर बारीक एप्लीक वर्क था। इसमें स्पेगेटी स्ट्रैप्स, स्क्वायर नेकलाइन, क्रॉप्ड हेम और फिटेड सिल्हूट था।

रिया कपूर ने साड़ी के साथ मैचिंग पारदर्शी घूंघट स्टाइल किया। इसमें भी स्कैलप्ड बॉर्डर, चिकनकारी और सीक्विन का काम था।

घूंघट की लंबाई फर्श तक थी। आलिया ने इसके साथ व्हाइट गोल्ड में डायमंड और मोती का बड़ा नेकलेस पहना।

उन्होंने दोनों हाथों में डायमंड जड़े हाथफूल, स्टेटमेंट ईयररिंग्स और मांग टीका भी पहना।

विक्की का आइवरी और मिडनाइट ब्लू लुक

विक्की कौशल ने मनीष मल्होत्रा के मिजवान कलेक्शन का मिडनाइट ब्लू और आइवरी शेरवानी सेट पहना। उनके आउटफिट में व्हाइट कुर्ता, मैचिंग फ्लेयर्ड पैंट और बैंडगला जैकेट शामिल थी। उनके लुक का सबसे खास हिस्सा जैकेट था। इस पर बारीक चिकनकारी, सीक्विन का काम और फिटेड सिल्हूट था।

'हनुमान अंश' की पार्वती बोलीं चाहती हूं, पीएम फिल्म देखें

आस्था को अंधविश्वास मानने से इनकार

खंडवा । चर्चित फिल्म 'हनुमान अंश' में माता पार्वती का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री नेहा परांजपे रविवार को खंडवा पहुंचीं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने फिल्म की कहानी, अपने किरदार के चयन, बुंदेली भाषा से जुड़े दिलचस्प किस्से, नीम करौली बाबा से प्रेरणा और फिल्म को लेकर अंधविश्वास जैसे सवालों पर खुलकर बात की।

नेहा ने कहा कि फिल्म को दो साल के बच्चे से लेकर बड़े-बुजुर्ग तक पसंद कर रहे हैं। उनका कहना था कि जिस दौर में ओटीटी और फिल्मों में अश्लील एवं वल्गर कंटेंट को लेकर चर्चा होती है, उस समय परिवार के साथ देखी जा सकने वाली धार्मिक और भावनात्मक कहानी को दर्शकों का पसंद करना खास बात है।

'हनुमान अंश' को मिल रहे प्यार पर अभिनेत्री नेहा परांजपे ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि फिल्म की चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचना टीम के लिए उत्साह की बात है। उनकी इच्छा है कि प्रधानमंत्री खुद यह फिल्म देखें और इसके गीत भी सुनें।

नेहा ने कहा कि फिल्म को लेकर प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया पूरी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि फिल्म का उद्देश्य ऐसी कहानी दर्शकों तक पहुंचाना है, जिसे परिवार के लोग साथ बैठकर देख सकें और उससे जुड़ाव महसूस कर सकें।

फिल्म में नेहा और उनके बेटे विहान के चयन का किस्सा भी काफी दिलचस्प है। जबलपुर की रहने वाली नेहा ने बताया कि फिल्म में काम मिलने की शुरुआत एक एड शूट के दौरान हुई थी। इसी दौरान उनकी मुलाकात लखनऊ के फिल्म मेकर विशाल से हुई।

नेपाल में फिर से बाढ़-लैंडस्लाइड, 6 की मौत

अलर्ट

घर-पुल बहे, हाईवे बंद, एक महीने पहले आई बाढ़ में 1453 मौतें, 5500 से ज्यादा लापता

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में लगातार बारिश के बीच बाढ़ और भूस्खलन से हालात बिगड़ गए हैं। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। बागलुंग जिले में भूस्खलन से एक घर मलबे में दब गया। हादसे में एक महिला और उसके तीन बेटों की मौत हो गई। पाल्पा जिले में 2 लोग मारे गए हैं। वहीं, बाढ़ और भूस्खलन से कई घर और पुल बह गए हैं। कई जगह हाईवे बंद होने से आवाजाही प्रभावित हुई है। बुटवल में बाढ़ प्रभावित इलाकों से 1,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ में 1453 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5500 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं।



नेपाल में भारी बारिश की वजह से कई नदियों में पानी बढ़ गया है। इससे बाढ़ के हालात बन गए हैं।

नेपाल के मनांग जिले के नार-फू क्षेत्र में 7,126 मीटर ऊंचे हिमलुंग हिमाल पर हिमस्खलन हुआ है। इसके बाद पर्वतारोहियों और सपोर्ट स्टाफ समेत 10 लोगों का पता नहीं चल रहा है। एक्सपीडिशन ऑपरेटर्स एसोसिए-शन नेपाल के महासचिव ऋषि भंडारी ने रविवार को घटना की पुष्टि की। भंडारी के मुताबिक, लापता लोगों में 2 इमेजिन नेपाल प्राइवेट लिमिटेड से और 8 हिमालयन हॉलीडेज नेपाल से जुड़े हैं। नेपाल के पर्यटन विभाग के महानिदेशक रामकृष्ण लामिछाने ने बताया कि विभाग स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। अधिकारी घटना से जुड़ी ज्यादा जानकारी जुटा रहे हैं और लापता लोगों का पता लगाने तथा उन्हें बचाने के प्रयासों की जानकारी ले रहे हैं।

खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर बह रही नारायणी नदी

लगातार बारिश के कारण नेपाल की कई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। देवघाट में नारायणी नदी रविवार सुबह 7:45 बजे 11 मीटर पर बह रही थी। यह खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर है। अधिकारियों ने नदी का जलस्तर और बढ़ने की आशंका जताई थी। बुटवल में बाढ़ के खतरे को देखते हुए करीब 200 परिवारों को उनके घरों से हटाया गया। कई इलाकों में बाढ़ का पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।



नारायणी नदी में पानी बढ़ने से कई घर बह गए हैं।

हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट बंद, फसलों को नुकसान

बाढ़ का असर बिजली उत्पादन पर भी पड़ा है। कई हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में बिजली उत्पादन रोकना पड़ा है। इनमें 140 मेगावाट का कालीगंडकी, 25 मेगावाट का अपर मादी, 44 मेगावाट का सुपर मादी, 20 मेगावाट का नामार्जुन मादी और 40 मेगावाट का सेती रिवर प्रोजेक्ट शामिल हैं। 220 किलोवोल्ट की कालीगंडकी कॉरिडोर ट्रांसमिशन लाइन के दो टावर गिर गए हैं। कई जगहों पर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइनों को भी नुकसान पहुंचा है। कई इलाकों में खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है।

रतन टाटा के करीबी मेहली मिस्त्री का इस्तीफा

30 सितंबर को कार्यकाल खत्म होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

रतन टाटा के करीबी रहे मेहली मिस्त्री ने कोलकाता स्थित टाटा मेडिकल सेंटर ट्रस्ट से अलग होने का फैसला किया है। उनका कार्यकाल 30 सितंबर को खत्म होगा और उन्होंने कहा है कि वे दोबारा इस पद की जिम्मेदारी नहीं संभालेंगे। मेहली मिस्त्री ने इस फैसले की जानकारी 15 सितंबर को एक ईमेल के जरिए दी। उन्होंने टाटा मेडिकल सेंटर के CEO से कहा कि उनके हटने के फैसले को आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया जाए। मिस्त्री ने यह ईमेल टाटा ट्रस्ट्स के नए चेयरमैन नोएल टाटा समेत परिवार के अन्य ट्रस्टियों को भी भेजा है। कोलकाता का टाटा मेडिकल सेंटर बिना किसी मुनाफे के चलाया जाने वाला अस्पताल है, जिसमें 436 बेड हैं। यहां बेहद कम और किफायती खर्च पर कैंसर का



इलाज किया जाता है। इलाज के साथ-साथ यह सेंटर कैंसर की शुरुआती पहचान, बीमारी को फैलने से रोकने, मरीजों की देखरेख और इलाज के बाद उनकी देखभाल संभालने का काम भी करता है। टाटा ग्रुप से जुड़ी संस्थाओं में मिस्त्री की जिम्मेदारी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने 'RNT एसोसिएट्स' कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दिया था। यह वही कंपनी है जो रतन टाटा के व्यक्तिगत निवेशों जैसे ओला इलेक्ट्रिक और अर्बन कंपनी में लगे पैसे को संभालती है।

फास्ट न्यूज

बेकाबू हुआ ओपन एआई सिस्टम अमेरिकी सरकारी वेबसाइट में घुसा

नई दिल्ली। चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई का AI सिस्टम बेकाबू हो गया। अपनी लैब को बताए बिना ही कामर्स डिपार्टमेंट और अमेरिकी शेयर मार्केट रेगुलेटर SEC की वेबसाइटों से डेटा निकाल लिया। अमेरिका के शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक करने की भी कोशिश की। कॉमर्स डिपार्टमेंट और SEC की वेबसाइट पर हुई इस गड़बड़ी को खुद ओपनएआई ने सही माना है।

बोइंग 737 मैक्स विमान के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी

नई दिल्ली। विमान बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग के 737 MAX विमान के सॉफ्टवेयर में एक गड़बड़ी सामने आई है। यह समस्या कॉकपिट सॉफ्टवेयर के एक अपडेट से जुड़ी है। अगर लैंडिंग की पहली कोशिश असफल होने के बाद पायलट विमान का तय रूट बदलते हैं, तो एक खास स्थिति में यह गड़बड़ी हो सकती है। रॉयटर्स ने वॉल स्ट्रीट जर्नल (WSJ) के हवाले से यह खबर दी। WSJ को बोइंग कंपनी के कुछ दस्तावेजों हासिल हुए हैं जिनमें यह जानकारी मिली है।

अस्पताल पर हमले के बाद मलबे से निकाले गए थे मोजतबा खामेनेई

तेहरान। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों के बीच ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को लेकर ईरानी नेता मोहसेन हैदरी ने कतर के टेलीविजन नेटवर्क अल अरबी को दिए इंटरव्यू में बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि जिस अस्पताल में मोजतबा खामेनेई का इलाज चल रहा था, उस पर अमेरिका द्वारा की गई बमबारी के बाद उन्हें मलबे से बाहर निकाला गया था।

रूस का यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन

जर्मनी-जापान का विरोध किया, सुरक्षा परिषद में 5 परमानेंट मेंबर

मॉस्को, एजेंसी

रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि सुरक्षा परिषद में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। हम ब्राजील और भारत की स्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। लावरोव ने सुरक्षा परिषद में पश्चिमी देशों की अतिरिक्त सीटों का विरोध किया। उन्होंने खासतौर पर जर्मनी और जापान का नाम लेते हुए उन पर 'सैन्यवाद और बदले की भावना की ओर बढ़ने का आरोप लगाया। लावरोव ने साथ ही कहा कि UNSC में सुधार के दौरान मौजूदा स्थायी सदस्यों के अधिकारों और शक्तियों में कमी नहीं होनी चाहिए।



दुनिया की 17% आबादी भारत में रहती है। 142 करोड़ जनसंख्या के साथ भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। UNSC में इतनी बड़ी आबादी का रिप्रेजेंटेशन होना जरूरी है। पिछले एक दशक में भारत की औसतन सालाना विकास दर 7% से ज्यादा रही है। यह चीन के बाद किसी भी दूसरे बड़े देश की तुलना में सबसे ज्यादा है। इस आर्थिक ताकत को UNSC में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

भारत परमाणु शक्ति संपन्न है, लेकिन वो इसका दिखावा नहीं करता। अगर भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल किया जाता है तो परमाणु निरस्त्रीकरण प्रोग्राम में वह अहम भूमिका निभा सकता है।

सीमा पार कोई सरकार इसमें शामिल तो उसे जिम्मेदार ठहराना होगा, यह पूरी दुनिया के लिए चुनौती

आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीति:जयशंकर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी।

सीमा पार कोई सरकार इसमें शामिल तो उसे जिम्मेदार ठहराना होगा। यह पूरी दुनिया के लिए चुनौती है।

आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के भारत के अधिकार का इस्तेमाल किया जाएगा। आतंकवाद और दोस्ती-सद्भावना साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद फैलाने वाले को अपना रवैया बदलना होगा।

जयशंकर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 81वें सेशन को संबोधित कर रहे थे।



एस जयशंकर ने शनिवार को न्यूयॉर्क में यूएन महासभा को संबोधित किया।

संघर्ष और टकराव हमारी सबसे बड़ी चिंता: संघर्ष और टकराव हमारी सबसे बड़ी चिंता बने हुए हैं। शांति बनाए रखने में असमर्थता न केवल सुरक्षा को कमजोर कर रही है, बल्कि प्रगति के लिए खतरा पैदा कर रही है। पूरी दुनिया में इसका असर देखा जा सकता है।

जहाजों को निशाना बनाया जाना स्वीकार नहीं: इस साल हम खाड़ी क्षेत्र में एक संघर्ष देख रहे हैं, जो पहले से ही कठिन स्थिति को और गंभीर बना रहा है। हम आपस में जारी इस लड़ाई को लेकर बेहद चिंतित हैं।



जयशंकर ने फिलिस्तीन के लिए अलग देश बनाने का समर्थन किया

जयशंकर ने फिलिस्तीन के लिए अलग देश बनाने का समर्थन किया। उन्होंने टू-नेशन सॉल्यूशन यानी दो-राष्ट्र समाधान की बात कही। इसके तहत इजराइल और फिलिस्तीन, दोनों के लिए अलग-अलग स्वतंत्र देश बनाने का प्रस्ताव है, ताकि दोनों के लोग शांति और सुरक्षा के साथ रह सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत फिलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता और राहत प्रयासों में योगदान दे रहा है। जयशंकर के इस भाषण का वीडियो फिलिस्तीन भी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट किया।

जयशंकर ने एक दिन पहले पाकिस्तानी पत्रकार को फटकारा था

जयशंकर ने कहा, कल आतंकवाद के समर्थक देश से जुड़े एक व्यक्ति ने इस महासभा के सामने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया। आतंकवाद को सामान्य बनाने और उसके परिणामों से बचने के लिए तर्क दिए गए, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के भारत के अधिकार का इस्तेमाल किया जाएगा। आतंकवाद और दोस्ती-सद्भावना साथ नहीं चल सकते। इसलिए आतंकवाद के आधार पर बनी किसी भी समझ की समीक्षा स्वाभाविक रूप से होगी। आतंकवाद फैलाने वाले को अपना रवैया बदलना होगा।

दरअसल शुक्रवार को एक पाकिस्तानी रिपोर्टर ने भारत पर पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

सड़कों पर सांप घूम रहे, 50 जिले में इमरजेंसी घोषित, पीएम लंदन यात्रा छोड़कर लौटे

बैंकॉक में बाढ़ गाड़ियां डूबीं, बसों में भरा पानी

- बैंकॉक प्रशासन के मुताबिक, बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए 233 अस्थायी राहत शिविर बनाए गए हैं। इनमें करीब 4200 लोग शरण ले चुके हैं।
- प्रधानमंत्री अनुटिन चार्नविराकुल लंदन का दौरा बीच में छोड़कर बैंकॉक लौट आए हैं।

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भारी बारिश के बाद बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। सड़कों पर पानी भरने से गाड़ियां डूब गईं और बसों में भी पानी घुस गया। कई इलाकों में लोग कमर तक भरे पानी से गुजरने को मजबूर हैं।

इस बीच, बाढ़ के पानी में सांप दिखाई देने की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए हैं। प्रशासन ने शहर के सभी 50 जिलों में इमरजेंसी घोषित की है। मौसम विभाग ने 27 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी दी है।

बैंकॉक में बाढ़ का संकट बढ़ने पर थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन



चार्नवीराकुल लंदन का दौरा बीच में छोड़कर देश लौट आए हैं।

थाईलैंड के आपदा रोकथाम और राहत विभाग के मुताबिक, शनिवार को देश के 21 प्रांतों में भी बाढ़ जैसे हालात है।

मौसम विभाग ने रविवार को देश के ज्यादातर हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है। इससे बाढ़ की स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। हालांकि, कुछ इलाकों में बारिश कम होने के बाद प्रशासन ने पानी निकालने का काम तेज कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, बारिश नहीं हुई तो जलस्तर धीरे-धीरे घट सकता है।

बैंकॉक के ड्रेनेज और सीवरेज विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है।

1 से 25 सितंबर के बीच राजधानी में 487 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। 1991 से 2020 के बीच इसी अवधि का औसत करीब 269 मिलीमीटर था। बैंकॉक में बारिश का मौसम सितंबर में अपने चरम पर होता है।



सड़कों पर कमर तक पानी, लोग मोटरसाइकिल धकेलते दिखे

बाढ़ के कारण पूर्वी बैंकॉक के कई इलाकों में लोग घुटनों और कमर तक भरे पानी से गुजरते नजर आए।

कुछ लोग पानी में फंसी मोटरसाइकिलों को धकेलते दिखे, जबकि कई सड़कों पर कारें आधी डूबी हुई थीं। जलभराव वाले इलाकों में लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

कुछ दुकानों में जरूरी सामान की कमी भी सामने आई है। लोग खाने-पीने की चीजें खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से घबराने की जरूरत नहीं होने की अपील की है। सोमवार को स्कूल बंद रखने का फैसला भी लिया गया है।

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों में 20% कमी की आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी

अब ब्रिटेन में भी भारतीयों छात्रों की संख्या में भारी कमी आने की आशंका है। अमेरिका में ट्रम्प राज में भारतीय छात्र मुश्किलें झेल रहे थे, लेकिन अब वैसे ही हालात ब्रिटेन में भी हो रहे हैं।

सेंटर फॉर ग्लोबल हायर एजुकेशन (सीजीएचई) यूके की रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। 2027 के मई-जून के दाखिलों (समर इनटेक) में भारतीय छात्रों की संख्या में 20% तक की कमी आ सकती है।

इस साल सितंबर तक भारतीय छात्रों को लगभग 83 हजार स्टूडेंट वीजा मिले थे। अगले साल ये घटकर 63 हजार रहने की आशंका है। इसका सबसे बड़ा कारण ब्रिटेन की एंडी बर्नहैम सरकार की सख्त वीजा नीतियां हैं।

दरअसल, ब्रिटेन में राष्ट्रवादी पार्टियों जैसे रिफॉर्म यूके के तेजी से उभरने के कारण वीजा में सख्ती हो



वजह- वीजा में सख्ती ऐसा हुआ तो ब्रिटेन को सालाना 10 हजार करोड़ का घाटा

रही है। रिफॉर्म यूके के एजेंडे में स्थानीयों को रोजगार देना प्रमुख है। इसलिए बर्नहैम सरकार अमेरिका की तर्ज पर वीजा जारी करने में बैकग्राउंड चेक में सख्ती बरत रही है। ब्रिटेन में ग्रेजुएट वर्क वीजा को दो साल से घटाकर अब डेढ़ साल कर दिया गया है। इससे स्टूडेंट्स को पढ़ाई के बाद ब्रिटेन में नौकरी और रिसर्च करने के लिए कम समय मिल पाएगा।

वीजा में सख्ती के बीच एक राहत भी है।

घटना: हमलावर ने बार में एके-47 से फायरिंग की, साल में 21वां मास शूटिंग केस, 140+ मौतें

दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी, 17 की मौत

जोहान्सबर्ग, एजेंसी

बार में हुई अंधाधुंध गोलीबारी में 17 लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में 13 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल हैं। घटना दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के दक्षिण-पश्चिम में स्थित वेडेला टाउनशिप की है।

रॉयटर्स के मुताबिक, घटना शनिवार रात करीब 9:30 बजे गौतेंग में हुई। गोलीबारी से पहले लोग पार्टी कर रहे थे। इस दौरान हमलावर AK-47 लेकर आए और फायरिंग कर दी। पुलिस ने आरोपियों की





तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। न्यूज वेबसाइट दि साउथ अफ्रीका के मुताबिक पिछले एक साल में यानी 27 सितंबर 2025 से 26 सितंबर 2026 तक 21 मास शूटिंग घटनाएं दर्ज हैं, जिनमें कुल 140 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। पुलिस के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से मार्च के बीच दक्षिण अफ्रीका में हर दिन औसतन 58 लोगों की हत्या हुई। इनमें बंदूकों से की जाने वाली हत्याएं भी शामिल हैं। देश में सार्वजनिक सुरक्षा सुधारने को लेकर सरकार पर लगातार दबाव बन रहा है।

8 अज्ञात हमलावरों ने लोगों पर फायरिंग की

दक्षिण अफ्रीकी पुलिस के मुताबिक 8 अज्ञात हमलावर बार में पहुंचे और बाहर बैठकर शराब पी रहे लोगों पर गोली चलाना शुरू कर दिया। इसके बाद हमलावर बार के अंदर घुसे और वहां मौजूद लोगों पर भी फायरिंग की। गोलीबारी क्यों की गई इसकी वजह अभी सामने नहीं आई है।

पुलिस ने बताया कि हमलावरों के पास AK-47 राइफल के साथ-साथ पिस्तौल भी थी। गोलीबारी के बाद हमलावरों ने कुछ लोगों की तलाशी ली और उनके मोबाइल फोन छीन लिए।



गोलीबारी के बाद मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस।

केपटाउन में हुई गोलीबारी में 10 लोगों की मौत

दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में भी गोलीबारी की घटना सामने आई है। ल्वांडले इलाके में रविवार तड़के एक दुकान पर हुई गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, हमला करीब रात 1 बजे हुआ। इस मामले में भी हमलावरों और हमले के कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

ट्रम्प ने ईरान का जंग खत्म करने का प्रस्ताव ठुकराया

बोले- वे मुश्किल में, तभी होर्मुज खोलना चाहते

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान का युद्ध खत्म करने और होर्मुज खोलने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ट्रम्प ने शनिवार को कहा कि ईरान मुश्किल में है, इसलिए वह तुरंत होर्मुज खोलना चाहता है।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों से कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है, क्योंकि वह बुरी तरह हार रहा है और उसके पास पैसा नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि ईरान की कमाई होर्मुज से होने वाले कारोबार पर निर्भर है।

उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने इस समुद्री रास्ते पर सैन्य इतिहास की सबसे बड़ी नाकेबंदी की है, जो लोहे की दीवार जैसी है। दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि युद्ध का हल सिर्फ बातचीत से



निकल सकता है।

ईरान ने विदेश मंत्री अब्बास अराघची के जरिए कतर के जरिए अमेरिका को 7 दिन का रोडमैप भेजा था। इसमें लड़ाई रोकने और शर्तें पूरी होने पर होर्मुज खोलने की बात कही गई थी।

इस प्रस्ताव के तहत पहले लड़ाई रोकने और ईरानी तेल की बिक्री पर लगे प्रतिबंधों में राहत देने की मांग की गई थी। इसके बाद सातवें दिन होर्मुज को दोबारा खोलने और फिर ईरान के परमाणु कार्यक्रम समेत दूसरे मुद्दों पर बातचीत शुरू करने की योजना थी।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96